रजिस्ट्री सं. डीएल (एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)—04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 18] नई दिल्ली, शनिवार, मई 6—मई 12, 2006 (वैशाख 16, 1928)
No. 18] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 6—MAY 12, 2006 (VAISAKHA 16, 1928)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]
[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय स्टेट बैंक

मुंबई, दिनांक 17 अप्रैल 2006

सं. एसबीडी क्र. 4/05-06.--भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक अधिनियम, 1959 (1959 का 38 वाँ) की धारा 25, उप धारा (1) के अनुच्छेद (ग) के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक श्री एम. एन. राव के स्थान पर श्री जीवन गोस्वामी भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) मुंबई को दिनांक 17 अप्रैल, 2006 से निम्नलिखित सहयोगी बैंकों के निदेशक के रूप में नामित करता है :--

1. स्टेट बैंक आफ बीकानेर और जयपुर
2. स्टेट बैंक आफ हैदराबाद
3. स्टेट बैंक आफ इन्दौर
4. स्टेट बैंक आफ मैसूर
5. स्टेट बैंक आफ पटियाला
6. स्टेट बैंक आफ सौराष्ट्र
7. स्टेट बैंक आफ त्रावणकोर

ए. के. पुरवार
अध्यक्ष

बार कौंसिल ऑफ इन्डिया

नई दिल्ली-110002

विषय : अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन

भारतीय विधिज्ञ परिषद ने अपनी 9/4/06 की बैठक में 17/4/2006 से आरम्भ तथा 16/4/2008 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए अपने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया इस सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रस्ताव पास किए गए।

प्रस्ताव संख्या 40/2006

प्रस्ताव पास किया जाता है कि श्री जगनाथ पटनायक को पुनः सर्वसम्मति से दो साल की अवधि के लिए अध्यक्ष निर्वाचित किया जाता है। दो साल की अवधि 17/4/2006 से आरम्भ तथा 16/4/2008 को समाप्त होगी।

प्रस्ताव संख्या 41/2006

प्रस्ताव पास किया जाता है कि श्री राजेन्द्र रघुवंशी को सर्वसम्मति से दो वर्ष की अवधि के लिए उपाध्यक्ष निर्वाचित किया जाता है दो वर्ष की अवधि तथा 17.04.2006 से आरम्भ तथा 16.04.2008 को समाप्त होगी।

एस. राधाकृष्णन
सचिव

भारतीय विधिज्ञ परिषद को 8-9 अप्रैल की बैठक में माननीय उच्चत्तम न्यायालय द्वारा जनहित याचिका (रिटपिटिशन 40/2006) में न्यायलयों में सम्बोधन पर किये गये अवलोकन पर विचार विर्मश किया गया। विचार विमर्श के उपरान्त निम्नलिखित प्रस्ताव पास किया गया।

प्रस्ताव संख्या 58/2006

अधिवक्ता अधिनियम 1961 की धारा 49(1)(ज) अधीन भारतीय विधिज्ञ परिषद नियम के भाग 6 के अध्याय 3क के अर्न्तगत निम्नलिखित नियम सम्मलित किया गया।

न्यायालय के प्रति आदरपूर्ण व्यवहार दर्शित करने की बार की बाध्यता के सुसंगत और न्यायिक पद की प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों या अधीनस्थ न्यायालयों में अपनाया जाने वाला संशोधन निम्नानुसार होना चाहिए :-

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में तथा अधीनस्थ न्यायालयों और अधिकरणों में ''योर आनर'' या ''आनरेबुल कोर्ट'' सम्बोधान के स्थान पर वकील, न्यायालय को ''सर'' शब्द से या सम्बन्धिक प्रादेशिक भाषा में तत्समान शब्द से मम्बोधित कर सकते हैं।

स्पष्टीकरण :- ''माई लार्ड'' और ''योर लार्डशिप'' सम्बोधन औपनिवेशिक अतीत के द्योतक हैं, अत: यह प्रस्ताव है कि न्यायालय के प्रति आदरपूर्ण व्यवहार दर्शित करने के लिए उपरोक्त नियम को सम्मिलित किया जाए।

सचिव

एस. राधाकृष्णन
सचिव

भा॰वि॰प॰:डी:01/2005

माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा एल.पी.ए. संख्या 543/2003 और एल.पी.ए. संख्या 666/2003 के मामले में दिये गये आदेश के अनुसरण में सर्वसाधारण के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि अधिवक्ता के रूप में नामांकन के लिए भारतीय विधिज्ञ परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त विदेशी विश्वविद्यालयों से विधि में डिग्री धारण करने वाले अभ्यार्थियों को 10+2+3 पैटर्न में किसी अन्य विद्या में स्नातक होने के पश्चात् तीन वर्षीय एल.एल.बी. पाठ्यक्रम को या 10+2 पैटर्न में उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् 5 वर्षीय एकीकृत विधि पाठ्यक्रम को पूरा करना होगा। अधिवक्ताओं के रूप में नामांकन चाहने वाले ऐसे अभ्यार्थियों को निम्नलिखित विषयों में भारतीय विधिज्ञ परिषद द्वारा संचालित परीक्षा देनी होगी और उसे उत्तीर्ण करना होगा :-

1. सिविल प्रक्रिया संहिता, परिसीमा अधिनियम और संपत्ति अंतरण अधिनियम।
2. दण्ड प्रक्रिया संहिता, भारतीय दण्ड संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम।
3. स्वीय विधियाँ
4. वृत्तिक आचरण और भारत का विधिक इतिहास।
5. भारत की सांविधानिक विधि।
6. पर्यावरण विधि।

ये अपेक्षाएं इस अधिसूचना की तारीख से प्रभावी हैं।

2. यह भी अधिसूचित किया जाता है कि वे सभी विद्यार्थी जिनके पास विधि पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए भारतीय विधिज्ञ परिषद द्वारा निहित उपर्युक्त न्यूनतम अर्हता नहीं है और उन्होंने भारतीय विधिज्ञ परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त विदेशी विश्वविद्यालयों में इस अधिसूचना की तारीख के पूर्व एल.एल.बी. पाठ्यक्रम में प्रवेश ले लिया है। अधिवक्ता के रूप में नामांकन के लिए पात्र होंगे। यह छूट स्पष्टत: उन्हीं विद्यार्थियों तक परिसीमित की गयी है जिन्होंने इस अधिसूचना की तारीक्ष के पूर्व एल.एल.बी. पाठ्यक्रम में प्रवेश ले लिया है। परीक्षा के ब्यौरे के लिए अभ्यर्थी भारतीय विधिज्ञ परिषद के सचिव के उपर्युक्त पते पर सम्पर्क कर सकते हैं।

एस. राधाकृष्णन
सचिव

तारीख : 21.02.200

पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़

चंडीगढ़-160014, दिनांक 21 अप्रैल 2006

सं. 2-2006/जी आर.--

केंद्र सरकार (मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा- विभाग) ने अपने पत्रांक एफ.नं. 2-5/ 2005 यू. II, दिनांक 13-9-2005 के द्वारा निम्नलिखित विनियमों को अनुमोदन प्रदान कर दिया है:-

'कम्प्यूटर के अनुप्रयोग में स्नातकोत्तर उपाधि' (एम.डी.ए.) (सेमेस्टर पद्धति) परीक्षाओं के विनियम, जिसे सत्र 2001 से लागू कर दिया है और जिसका उल्लेख पंजाब विश्वविद्यालय के कैलेंडर के खंड- II, 2002 में है, विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों/भारत सरकार/भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में किया गया संशोधन

1. 'कम्प्यूटर के अनुप्रयोग में स्नातकोत्तर उपाधि' के पाठ्यक्रम की अवधि के तीन शैक्षणिक सत्र होंगे जिनमें छह सेमेस्टर समाहित होंगे।

विभिन्न सेमेस्टरों की परीक्षाएं उन तिथियों पर होंगी जिनको सिंडीकेट समय-समय पर तय करेगी।

2.1. प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता होगी-

(i) पंजाब विश्वविद्यालय की 10+2+3

पद्धति की किसी भी अनुशासन की स्नातक परीक्षा में न्यूनतम 50% प्राप्तांक हों।

(ii). पंजाब विश्वविद्यालय के द्वारा उपर्युक्त परीक्षा के समकक्ष घोषित किसी भी परीक्षा में न्यूनतम 50% प्राप्तांक हों।

2.2. प्रवेश प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर में ही होगा। इसके लिए वही नियम लागू होंगे जिनको समय-समय पर सिंडीकेट बनाएगी।

3. प्रत्येक विद्यार्थी को एम.सी.ए. पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने और प्रत्येक वर्ष की प्रत्येक सेमेस्टर परीक्षा के लिए शुल्क के रूप में सिंडीकेट। सीनेट के द्वारा समय-समय पर तय की गई राशि देनी पड़ेगी।

परीर्पक्षीया देने वाले किसी भी अभ्यर्थी को प्रतिप्रश्नपत्र के हिसाब से परीक्षा दिए जाने वाले प्रश्न पत्रों के लिए वह परीक्षा शुल्क देना होगा जो अधिकतम पूरे सेमेस्टर का हो सकता है, जिसे सिंडीके/सीनेट ने समय-समय पर तय किया होगा तथा यह परीक्षा शुल्क सेमेस्टर परीक्षा शुल्क, यदि कोई हो के अतिरिक्त होगा।

4. प्रत्येक सेमेस्टर परीक्षा के आरंभ होने से पहले कम्प्यूटर विज्ञान तथा अनुप्रयोग विभाग का अध्यक्ष उन अभ्यार्थियों की सूची परीक्षा नियंत्रक को भेजेगा जिनके विषय में वह संतुष्ट हो गया होगा कि वे सभी नियमों और विनियमों को पूरा करते हैं और परीक्षा देने के योग्य हैं

5. प्रत्येक सेमेस्टर की समाप्ति पर प्रत्येक अभ्यर्थी को पूरी परीक्षा में अथवा उन प्रश्न पत्रों में परीक्षा देनी होगी, जिनको समय-समय पर पाठ्यक्रम समिति ने पाठ्यक्रम/ लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए तय किया हो तथा जिन्हें विश्वविद्यालय के अधिकारियों से अनुमोदन प्राप्त हो गया हो शिक्षा और परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी भाषा होगी।

6.1. पहले और दूसरे सेमेस्टर परीक्षा में वे नियमित अभ्यर्थी

(i) सम्मिलित हो सकेंगे जो परीक्षा से पहले और दूसरे सेमेस्टर में कम्प्यूटर विज्ञान और अनुप्रयोग विभाग में नियमित विद्यार्थी रहे हैं।

(ii) जिस अभ्यर्थी ने प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम के प्रत्येक विषय की प्रयोगात्म वर्ग में कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति प्राप्त की है। दिए गए व्याख्यान और प्रयोगात्मक कक्षाओं से 10 प्रतिशत की कमी को विभागाध्यक्ष की संस्तुति पर पाठ्यक्रम समिति माफ कर देगी।

6.1. वही विद्यार्थी पहले और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा दे सकेंगे जो नियमित विद्यार्थी रहे होंगे तथा–

(i) जो परीक्षा से ठीक पहले वाले पहले और दूसरे सेमेस्टर में कम्प्यूटर विज्ञान तथा अनुप्रयोग विभाग का नियमित विद्यार्थी रहा हो,

(ii) जो पहले और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम के प्रयोग विषय को सैद्धांतिक और प्रायोगिक कक्षाओं में कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थित रहा हो, किंतु विभाग के अध्यक्ष की संस्तुति पर बोर्ड ऑफ स्टडीज के द्वारा कुल दिए गए व्याख्यानों और कुल किए गए प्रयोगों के 10 प्रतिशत की अनुपस्थिति को माफ किया जा सकता है।

(iii) जिस विद्यार्थी ने प्रत्येक विषय के आंतरिक मूल्यांकन में कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों।

6.2. तीसरे तथा चौथे सेमेस्टर की परीक्षा देने के लिए वही विद्यार्थी अधिकृत होगा–

(i) जो विद्यार्थी परीक्षा से ठीक पहले वाले क्रमश: तीसरे और चौथे सेमेस्टर में कम्प्यूटर विज्ञान तथा अनुप्रयोग विभाग में नियमित विद्यार्थी रहा हो;

(ii) जिसने पहले और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा को उत्तीर्ण कर लिया हो अथवा जो विनियम 9 में दिए गए प्रावधान के अनुसार तीसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा देने का अधिकारी हो।

(iii) जो तीसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम के प्रत्येक विषय के कुल दिए गए सैद्धांतिक व्याख्यानों और प्रयोगों में कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थित रहा हो, इस प्रावधान के साथ कि विभाग के अध्यक्ष की संस्तुति के आधार पर बोर्ड ऑफ स्टडीज कुल दिए गए सैद्धांतिक व्याख्यानों तथा प्रयोगों की 10 प्रतिशत कमी को माफ कर सकता है।

(iv) जिसने प्रत्येक विषय के आंतरिक मूल्यांकन में कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लिए हो।

6.3 वही अभ्यर्थी पांचवें और छठे सेमेस्टर की परीक्षा देने का अधिकारी होगा–

(i) जो परीक्षा से ठीक पहले वाले पांचवें और छठे सेमेस्टर में कम्प्यूटर विज्ञान तथा अनुप्रयोग विभाग में नियमित विद्यार्थी रहा हो,

(ii) जिसने पहला, दूसरा, तीसरा तथा चौथा सेमेस्टर उत्तीर्ण कर लिया हो या विनियम 9 के प्रावधानों के अधीन पांचवें तथा छठे

सेमेस्टर की परीक्षा देने के सर्वथा योग्य हो;

(iii) जिसने तीसरे वर्ष की परीक्षा के लिए पांचवें तथा छठे सेमेस्टर के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम के सभी विषयों के व्याख्यानों तथा प्रयोगों में अलग-अलग रूप से कम से 75 % उपस्थित रहा हो, साथ ही यह भी प्रावधान है कि विभाग के चेयरमैन की संस्तुति पर पाठ्यक्रम समिति वास्तविक रूप में दिए गए कुल व्याख्यानों तथा किए गए कुल प्रयोगों में उपस्थिति की 10 % कमी को क्षमा कर सकती है,

(iv) जिसने प्रत्येक विषय के आंतरिक मूल्यांकन में कम से कम 40 % अंक प्राप्त किए हों

7. प्रत्येक मामले में पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे, पांचवें तथा छठे सेमेस्टर में परीक्षा देने तथा उसे उत्तीर्ण करने के लिए कम से कम आवश्यक अंक इस प्रकार होंगे:

(i) परीक्षा के प्रत्येक विषय के आंतरिक मूल्यांकन में स्वतंत्र रूप से, चाहे सैद्धांतिक भाग हो या प्रयोगात्मक भाग परियोजना-परक कार्य आदि को सम्मिलित करते हुए 40 % प्राप्तांक अवश्य होने चाहिए, तभी पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे, पांचवें तथा छठे सेमेस्टर की परीक्षा देने की अनुमति मिलेगी; तथा

(ii) पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे, पांचवें तथा छठे सेमेस्टर की परीक्षा देने की अनुमति के लिए, विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित परीक्षा के प्रत्येक विषय में स्वतंत्र रूप से, चाहे वह सैद्धांतिक हो या प्रायोगिक (परियोजना-कार्य आदि को सम्मिलित करते हुए) कुल आंतरिक मूल्यांकन के 50 प्रतिशत प्राप्तांक;

यदि कोई परीक्षार्थी पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे, पांचवें तथा छठे सेमेस्टर में, प्रत्येक विषय में स्वतंत्र रूप से आंतरिक मूल्यांकन में 40 % अंक प्राप्त नहीं कर पाता है, तो उसे आगामी सत्र में वह विषय फिर से पढ़ना होगा, फिर से एसाइनमेंट्स देने होंगे, कक्षा में टेस्ट देने होंगे तथा सेमिनार देने होंगे, जिनका प्रावधान उस सेमेस्टर के लिए बोर्ड ऑफ स्टडीज के द्वारा किया गया हो, तभी वह विश्वविद्यालय की परीक्षा दे सकेगा। इसके साथ शर्त यह है कि विद्यार्थी को कोर्स की सभी आवश्यक शर्तों को पूरा करना होगा तथा निर्धारित अधिकतम अवसरों में तथा निर्धारित अकादमिक पांच सत्रों के भीतर ही हो, जो कोर्स में उसके मूल रूप में उसके प्रवेश की तिथि से गिने जाएंगे, सभी निर्धारित परीक्षाओं को उत्तीर्ण करना होगा, तभी वह उपाधि को प्राप्त करने का अधिकारी होगा।

(iii) यदि किसी विद्यार्थी के लिए परीक्षा पुन: एक प्रश्न-पत्र/ प्रश्न पत्रों में देय हो जाती है तो उसे वह परीक्षा अन्य नियमित विद्यार्थियों के साथ ही पुनपरीक्षार्थी के रूप में देनी होगी। इस संदर्भ में कोई विशेष परीक्षा उसके लिए आयोजित नहीं की जाएगी।

8. पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं में, स्थिति के अनुसार सभी विषयों के अंकों के कुल योग के एक प्रतिशत अंक कृपांक के रूप में दिए जाएंगे। कोई भी परीक्षार्थी अपने लाभ की दृष्टि से इन कृपांकों का उपयोग प्राप्तांकों के कुल योग में या अलग-अलग प्रश्न पत्रों के प्राप्तांकों में कर सकता है। ध्यान रहे कि कृपांकों का उपयोग केवल परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए या उच्चतर श्रेणी को प्राप्त करने के लिए ही किया जा सकता है, आंतरिक मूल्यांकन को और अच्छा बनाने तथा परीक्षा को विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण करने के लिए नहीं।

9. कोई भी विद्यार्थी उपाधि प्राप्त करने का अधिकारी तभी बनेगा जब वह इस पाठ्यक्रम की सभी शर्तों को पूरा कर लेगा और निर्धारित सभी परीक्षाओं को अधिक से अधिक पांच शैक्षणिक सत्रों में, इस पाठ्यक्रम में प्रवेश की तिथि से, उत्तीर्ण कर लेगा। इसके साथ शर्त यह भी है कि निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार किसी भी विद्यार्थी को एक या एक से अधिक विषयों में पुन: परीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है:

(i) यदि कोई विद्यार्थी विनियम 7 (i) के प्रावधानों के अनुसार पहले और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा में प्रत्येक विषय के आंतरिक

मूल्यांकन में वांछनीय अंक प्राप्त कर लेता है, पहले और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा को देता है और विनियम 7 (ii) के प्रावधान के अधीन परीक्षा को उत्तीर्ण नहीं कर पाता है तो उसे दूसरे वर्ष के तीसरे सेमेस्टर की पढ़ाई करने की अनुमति होगी। तथा पहले और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा में सभी विषयों या कुछ विषयों में पुन: परीक्षा, तीसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा के विषयों के साथ, देनी होगी। विद्यार्थी को उन्हीं विषयों में पुन: परीक्षा देने के लिए अधिकृत माना जाएगा, जिनमें उसने विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित परीक्षा वाले भाग तथा आंतरिक मूल्यांकन वाले भाग के अंकों के कुल योग के कम से कम 50 % अंक प्राप्त कर लिए हों (आंतरिक मूल्यांकन के अंक पहले वाले ही माने जाएंगे, दुबारा आंतरिक मूल्यांकन नहीं होगा।) यदि वह पहले और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा को उत्तीर्ण नहीं कर पाता/ पाती है, तो उसे तीसरे वर्ष के पाठ्यक्रम के पांचवें सेमेस्टर में पढ़ाई करने की अनुमति नहीं मिलेगी तथा तीसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा का उसका परिणाम तब तक रोका रखा जाएगा, जब तक वह पहले और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा के लिए निर्धारित सभी विषयों में उत्तीर्ण नहीं हो जाता/ जाती।

(ii) यदि कोई विद्यार्थी विनियम 7(1) के प्रावधानों के अनुसार दूसरे वर्ष की परीक्षा के लिए तीसरे और चौथे सेमेस्टर के सभी विषयों के आंतरिक मूल्यांकन में अनिवार्य अंक नहीं प्राप्त कर पाता है, और विनियम 7 (2) के प्रावधान के अधीन दूसरे वर्ष में तीसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा देता है और उसमें उत्तीर्ण नहीं हो पाता है तो उसे तीसरे वर्ष में पांचवें सेमेस्टर की पढ़ाई जारी रखने की अनुमति होगी और उसको पांचवें और छठे सेमेस्टर की परीक्षा के सभी विषयों के साथ-साथ तीसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा के सभी या कुछ विपयों की फिर से परीक्षा देने की अनुमति होगी।

विद्यार्थी उन्हीं विषयों की फिर से परीक्षा दे सकेगा, जिन विषयों में विश्वविद्यालय की परीक्षा वाले भाग तथा आंतरिक मूल्यांकन वाले भाग के कुल अंकों के पचास प्रतिशत अंक उसे प्राप्त हुआ हों (आंतरिक मूल्यांकन के अंक पहेल वाले ही माने जाएंगे, ये अंक दुबारा नहीं दिए जाएंगे)। यदि वह तब भी तीसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाता/पाती है तो पांचवें और छठे सेमेस्टर की परीक्षा का उसका परिणाम तब तक रोककर रखा जाएगा, जब तक कि वह तीसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा में निर्धारित सभी विषयों में उत्तीर्ण नहीं हो जाता/जाती।

(iii) यदि कोई विद्यार्थी विनियम 7 (i) के प्रावधान के अधीन तीसरे वर्ष के पांचवें और छठे सेमेस्टर के सभी विषयों के आंतरिक मूल्यांकन वाले भाग में निर्धारित अनिवार्य अंक प्राप्त कर लेता है, विनियम 7 (ii) के अधीन पांचवें और छठे सेमेस्टर की परीक्षा देता है लेकिन अनुत्तीर्ण रहता है, तो उसे पांचवें और छठे सेमेस्टर के सभी विषयों में फिर से परीक्षा देने की अनुमति मिल सकती है। वह उन्हीं विषयों में फिर से परीक्षा देने के लिए अधिकृत होगा/होगी, जिनमें उसने विश्वविद्यालय की परीक्षा वाले भाग तथा आंतरिक मूल्यांकन वाले भाग के कुल योग के 50 % अंक प्राप्त कर लिए हों (आंतरिक मूल्यांकन के अंक पहले वाले ही रहेंगे, ये अंक दुबारा नहीं दिए जाएंगे।)

10. एम.सी.ए. के विषयों के लिए कुलपति, बोर्ड ऑफ स्टडीज की संस्तुति पर प्रश्न पत्र-निर्माताओं की नियुक्ति करेगा।

11. सभी विषयों के परीक्षक, वे चाहे बाह्य हों या आंतरिक, बोर्ड ऑफ स्टडीज की संस्तुति के आधार कुलपति के द्वारा नियुक्त किए जाएंगे। परियोजना कार्य का मूल्यांकन कुलपति के द्वारा नियुक्त तीन आंतरिक परीक्षकों की एक समिति के द्वारा किया जाएगा।

12. परीक्षाओं का परिणाम परीक्षा नियंत्रक के द्वारा तैयार और प्रकाशित किया जाएगा।

13. उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का श्रेणी-विभाजन निम्नलिखित रूप में होगा।

(i) सभी पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं के पूर्णांकों के योग के 75% या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को विशेष योग्यता के साथ प्रथम श्रेणी में रखा जाएगा, लेकिन शर्त यह है कि परीक्षार्थियों को पहले प्रयास में ही सभी विषयों/ परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर लेना होगा।

(ii) सभी पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं के कुल अंकों के योग के 60% या उससे अधिक और 75% से कम अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को प्रथम श्रेणी में रखा जाएगा।

(iii) सभी पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं के कुल अंकों के योग के 60% से कम अंक प्राप्त करने वाले सभी परीक्षार्थियों को द्वितीय श्रेणी में रखा जाएगा।

2. एम.बी.ए. (अंकशकालीन) के नाम में एम.बी.ए (कार्यकारी) के रूप में सत्र 2002-2003 ई. से परिवर्तन, जिसे विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों/भारत सरकार के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में प्रभावी बनाया गया।

3. वाणिज्य-स्नातक परीक्षा (सामान्य तथा प्रतिष्ठापूर्ण) से संबंधित तथा पंजाब विश्वविद्यालय के कैलेंडर, भाग-II, 2000 ई. के पृष्ठ 305 पर दिए गए (सत्र 2002 ई. से प्रभावी) विनियम सं. 26 में परिवर्द्धन, जिसे पंजाब विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों/भारत सरकार के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा है।

26. किसी भी संबद्ध महाविद्यालय का कोई भी नियमित विद्यार्थी किसी ऐसे विषय को चुन सकता है, जिसमें ऑनर्स भी सम्मिलित है, जिसमें उसका महाविद्यालय मान्यता प्राप्त या संबद्ध नहीं है, जिसे वह किसी अन्य संबद्ध महाविद्यालय में पढ़ रहा है; इस दशा में उस दूसरे महाविद्यालय का प्राचार्य यह प्रमाणित

करेगा कि वह विद्यार्थी उस विषय में आवश्यक संख्या में व्याख्यानों आदि में उपस्थित रहा है। जिस महाविद्यालय में उस विद्यार्थी ने प्रवेश प्राप्त किया है, उस महाविद्यालय का प्राचार्य इसकी संपुष्टि के लिए परीक्षा नियंत्रक को सूचित करेगा।

4. पंजाब विश्वविद्यालय के कैलेंडर, भाग-II, 2000 ई. के पृष्ठ 127-128 पर दिए हुए एम.एस-सी. (द्वि-वार्षिक) (सेमेस्टर पद्धति) के प्रवेश से संबंधित विनियम सं. 2 में परिवर्द्धन (सत्र 2001-2002 ई. से प्रभावी), जिसे पंजाब विश्वविद्यालय की विभिन्न निकायों/भारत सरकार के अनुमोदन/भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा है।

2. जिस व्यक्ति ने निम्नलिखित में से किसी एक परीक्षा को उत्तीर्ण कर लिया है, वह एम.एस-सी.(सेमेस्टर पद्धति) में प्रवेश पाने का पात्र होगा।

जंतु विज्ञान

पंजाब विश्वविद्यालय की, जंतु विज्ञान विषय के साथ, बी.एस-सी. उपाधि, या इसके सिंडीकेट के द्वारा मानी हुई किसी अन्य विश्वविद्यालय की समकक्ष उपाधि, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत प्राप्तांक हों।

5. पंजाब विश्वविद्यालय के कैलेंडर खंड-II 2000 ई. के पृष्ठ 78-80 पर दिए हुए विनियम 3.1, जिसका संबंध मास्टर ऑफ आर्ट्स परीक्षा से है, में निम्नलिखित रूप में संशोधन, जिसे विश्वविद्यालय की अनेक निकायों/ भारत सरकार के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा है।

3.1 एम.ए. (भाग-I) के प्रथम वर्ष में वही विद्यार्थी प्रवेश ले सकता है, जिसने लाहौर स्थिति पंजाब विश्वविद्यालय से 1948 ई. से पूर्व, या किसी अन्यविश्वविद्यालय से निम्नलिखित परीक्षाओं में से कोई परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, जिसे पंजाब विश्वविद्यालय ने अपनी परीक्षा के समकक्ष मान लिया हो:-

एम.ए.भाग-I (फ्रेंच) में वही विद्यार्थी प्रवेश पा सकता है:-

(i) जिस विद्यार्थी ने बी.ए./ बी.एस.सी./बी.कॉम./ बी.बी.ए./ बी.सी.ए. या ऑनर्स (10+2+3 शिक्षा पद्धति से) परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो तथा पंजाब विश्वविद्यालय या अन्य किसी विश्वविद्यालय से न्यूनतम 45 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ फ्रेंच में एडवान्स डिप्लोमा कर लिया हो।

या

(ii) जिस विद्यार्थी ने पंजाब विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालय से बी.ए./बी.एस.सी./ बी.कॉम/ बी.बी.ए/ बी.सी.ए. (10+2+3 शिक्षा पद्धति से) परीक्षा फ्रेंच के ऐच्छिक विषय या फ्रेंच में आनर्स के साथ कम से कम 45 % प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण कर ली हो।

या

(iii) जिस किसी विद्यार्थी ने बी.ए./ बी.एस.सी. /बी.कॉम/ बी.बी.ए./ बी.सी.ए. या ऑनर्स (10+2+3 शिक्षा पद्धति के अधीन) तथा फ्रेंच नेशनल मिनिस्ट्री ऑफ एजूकेशन के प्रदत्त एप्रोफोंडी लैंग्वेज फैंकाइज (डी.ए.एल.एफ एडवांस्ड फ्रेंच लैंग्वेज डिप्लोमा) उत्तीर्ण कर लिया हो।

इसके अतिरिक्त धारा, 2.1 के अधीन यह भी प्रावधान है कि -

कोई भी विद्यार्थी फ्रेंच विषय में एम.ए. के पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए तभी आवेदन कर सकता है कि जब उसे धारा 3.1 (1) की शर्तों के अनुसार फ्रेंच भाषा का ज्ञान हो।

6. विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों/भारत सरकार के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में विनिमय 2 (2) में संवर्द्धन तथा एक वर्षीय उच्चतर वैज्ञानिक कम्प्यूटिंग (डी.ए.एस.सी) (सत्र 2002-2003 से प्रभावी) से संबंधित विनियम

2. इस डिप्लोमा में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता निम्नलिखित होगी-

(i) पंजाब विश्वविद्यालय की विज्ञान के विषयों के साथ स्नातक उपाधि

या

(ii) बी.ई/ बी.केट.

या

(iii) कोई अन्य परीक्षा, जिसे पंजाब विश्वविद्यालय ने ऊपर लिखी हुई परीक्षाओं के समकक्ष मान लिया हो।

एक-वर्षीय उच्चतर वैज्ञानिक कम्प्यूटेशन (डी.ए.एस.सी) डिप्लोमा से संबंधित विनियम सेमेस्टर पद्धति, जुलाई, 2002 के प्रवेश से

अवधि

1. उच्चतर वैज्ञानिक कम्प्यूटेशन (डी.ए.एस.सी) डिप्लोमा के पाठ्यक्रम की अवधि एक वर्ष की होगी जिसमें दो सेमेस्टर रहेंगे। पहले सेमेस्टर की परीक्षा दिसंबर के महीने में और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा अप्रैल/ मई के महीने में विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारियों के द्वारा समय-समय पर तय की गई तिथियों पर होगी।

प्रवेश

2. इस डिप्लोमा में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता होगी-

(i) पंजाब विश्वविद्यालय की विज्ञान के विषयों के साथ स्नातक उपाधि

या

(ii) पंजाब विश्वविद्यालय के द्वारा उपर्युक्त उपाधि के समकक्ष मानी गई कोई अन्य परीक्षा

3. प्रवेश डी.एसे.सी. में पहले सेमेस्टर में दिया जाएगा। प्रवेश उन्हीं नियमों के अधीन होगा जो विश्वविद्यालय के अधिकारियों के द्वारा समय-समय पर अनुमोदन प्राप्त होंगे।

4. डी.ए.एस.सी में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को प्रत्येक शैक्षणिक सत्र के प्रत्येक सेमेस्टर में विश्वविद्यालय को वह प्रवेश शुल्क तथा शिक्षा शुल्क देना होगा जो समय-समय पर विश्वविद्यालय के द्वारा तय किया गया होगा।

परीक्षा और मूल्यांकन

5. भौतिक विज्ञान-विभाग का बोर्ड ऑफ कंट्रोल कुलपति के पास अनुमोदन के लिए एक समिति बनाने का प्रस्ताव भेजेगा, जिसका कार्यकाल दो वर्षों का होगा और जिसका संयोजक इस डिप्लोमा पाठ्यक्रम का ह्यसंयोजक रहेगा।

भौतिकविज्ञान-विभाग का अध्यक्ष इस डिप्लोमा पाठ्यक्रम के संयोजक की संस्तुति के आधार पर परीक्षा नियंत्रक के पास ऐसे विद्यार्थियों की सूची भेजेगा जो सभी नियमों को पूरा करते हैं और परीक्षा देने के लिए जिनकी पात्रता ठीक हो।

समय-समय पर भौतिकविज्ञान-विभाग का बोर्ड ऑफ कंट्रोल पाठ्यक्रम को परिवर्तित करता रहेगा।

6. वही विद्यार्थी पहले और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा दे सकेगा-

(i) जो परीक्षा से ठीक पहले वाले इस डिप्लोमा पाठ्यक्रम के पहले या दूसरे सेमेस्टर में भौतिकविज्ञान- विभाग का नियमित विद्यार्थी रहा हो।

(ii) जो पहले और दूसरे सेमेस्टर के पाठ्यक्रम के प्रत्येक विषय की सैद्धांतिक और प्रायोगिक कक्षाओं में कम से कम 75 % उपस्थित रहा हो। उपस्थिति में कमी को विश्वविद्यालय के नियमानुसार क्षमा किया जा सकता है।

7. उसी विद्यार्थी को डिप्लोमा में उत्तीर्ण होने का प्रमाण-पत्र मिलेगा जो अपने प्रवेश से आरंभ दो शैक्षणिक सत्रों में तय सही परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर लेगा, लेकिन प्रावधान यह भी है कि किसी भी विषय में 40 प्रतिशत से कम अंक पाने वाले विद्यार्थी को उस विषयों में फिर से परीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है।

8. (i) सभी सैद्धांतिक प्रश्न पत्रों में आंतरिक मूल्यांकन होगा। प्रायोगिक पाठ्यक्रमों के लिए मूल्यांकन पूरी तरह आंतरिक परीक्षकों के द्वारा या बाह्य परीक्षकों की सम्मिलित करते हुए किया जा सकता है। इस पाठ्यक्रम के संयोजक की संस्तुति पर भौकिविज्ञान-विभाग का बोर्ड ऑफ कंट्रोल बाह्य परीक्षक की नियुक्त करेगा।

(ii) संयोजक/ अध्यापक संबद्ध विषय/ प्रश्न पत्र में वांछित स्तर बनाए रखने के लिए और विद्यार्थियों की निष्पादन-क्षमताओं का उस विषय /प्रश्न पत्र में मूल्यांकन करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(iii) सैद्धांतिक विषय/ प्रश्न पत्र में 25 % अंक सेमेस्टर के अंदर तथा 75 % अंक सेमेस्टर के बाद की परीक्षा के लिए निर्धारित है।

(iv) किसी भी प्रश्न पत्र की, सेमेस्टर के उपरांत की परीक्षा की, उत्तर पुस्तिका परीक्षार्थी उस समय देख सकते हैं जो समय विभाग/ उसके अध्यापक ने तय किया होगा।

(v) प्रयोगशाला-विषयक पाठ्यक्रम में 50 % अंक सेमेस्टर के दौरान निर्धारित रहेंगे, जो निम्नलिखित बातों पर आधारित होंगे।

(अ) प्रयोग में वांछित परिणाम प्राप्त करने में विद्यार्थी के द्वारा दिखाई गई अपनी निष्पादन क्षमता।

(आ) प्रयोग पर आधारित मौखिक परीक्षा।

(इ) प्रयोग पर आधारित लिखित आख्या।

9. किसी भी प्रोजेक्ट वर्क का मूल्यांकन एक समिति करेगी, जिसमें कम से कम दो परीक्षक होंगे जो डिप्लोमा कोर्स के संयोजक की संस्तुति के आधार पर बोर्ड ऑफ कंट्रोल के द्वारा नियुक्त किए जाएंगे। विद्यार्थी को अपने प्रोजेक्ट वर्क को एक सेमिनार में प्रस्तुत करना होगा।

10. परीक्षा परिणाम परीक्षा नियंत्रक के द्वारा तैयार और घोषित किया जाएगा।

11. डिप्लोमा कोर्स के विद्यार्थियों को पूर्णकालिक विद्यार्थियों की तरह ही यूनिवर्सिटी में छात्रावास की सुविधाओं के लिए, जो विश्वविद्यालय के नियमानुसार होंगी, अधिकृत माना जाएगा।

12. परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का श्रेणी-विभाजन निम्नलिखित रूप में होगा:

(i) सभी सेमेस्टर के कुल अंकों के 75 % या इससे अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थिगों को विशेष योग्यता के साथ प्रथम श्रेणी में रखा जाएगा बशर्ते कि उस विद्यार्थी ने पहले प्रयास में ही सभी परीक्षाओं/ विषयों को उत्तीर्ण कर लिया हो।

(ii) सभी सेमेस्टर के कुल अंकों के कम से कम 60 % तथा 75 % से कम अंक पाने वाले विद्यार्थियों को प्रथम श्रेणी में रखा जाएगा।

(iii) पहले सेमेस्टर और दूसरे सेमेस्टर के कुल अंक के योग के 60 % से कम अंक पाने वाले विद्मार्थियों को द्वितीय श्रेणी मिलेगी।

<u>पुनर्परीक्षा</u>

13. सभी पुनर्परीक्षाएं मुख्य परीक्षाओं के साथ ही दिसंवर अप्रैल में या विश्वविद्यालय के नियमानुसार वोर्ड ऑफ कंट्रोल के द्वारा तय की गईं तिथियों पर होंगी।

7. विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों/ भारत सरकार के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में (सत्र 2002-2003 ई. से प्रभावी) पत्राचार अध्ययन-विभाग/ संबद्ध महाविद्यालयों के लिए स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा जनसंख्याविषक शिक्षा से संबंधित स्नातकोत्तर डिप्लोमा के विषय में विनियम:

1. स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा जनसंख्याषियक शिक्षा से संबंधित स्नातकोत्तर डिप्लोमा की पढ़ाई की अवधि एक शैक्षणिक सत्र होगी।

2. इसकी परीक्षा सामान्यत: अप्रैल/ मई के महीने में या सिंडीकेट के द्वारा तय की गई तिथियों पर होगी।

3. परीक्षा के आरंभ होने तथा प्रवेश के लिए फॉर्म लेने की अंतिम तिथि और शुल्क निम्नलिखित रूप में होगा:

(अ) विलंब शुल्क के बिना, तथा

(आ) उस विलंब शुल्क के साथ जिसे सिंडीकेट समय-समय पर तय करेगी और जिसे परीक्षा नियंत्रक पंजाब विश्वविद्यालय के पत्राचार अध्ययन-विभाग के अध्यक्ष को / संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्यों को अधिसूचित करेगा।

4. विद्यार्थियों से लिए जाने वाले परीक्षा शुल्क की धन- राशि समय-समय पर सिंडीकेट के द्वारा तय की जाएगी।

5. इस पाठ्यक्रम में वही विद्यार्थी प्रवेश लेने के लिए सुयोग्य माना जाएगा (i) जिसने पंजाब विश्वविद्यालय की स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो अथवा उसके पास ऐसी अन्य कोई योग्यता हो जिसे सिंडीकेट ने इसके समकक्ष मान लिया हो या (ii) पैरा-मेडिकल स्टाफ, जिसके पास पांच वर्ष का कार्य करने का अनुभव हो।

6. प्रवेश पाने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को पत्राचार अध्ययन-विभाग / संबद्ध महाविद्यालयों का नियमित विद्यार्थी होना पड़ेगा तथा उसे सिंडीकेट के द्वारा समय-समय पर तय किए गए प्रवेश शुल्क तथा अन्य शुल्कों को देना होगा।

7. इस पाठ्यक्रम के लिए एक बोर्ड ऑफ स्टडीज का गठन किया जाएगा, जिसका संयोजक पत्राचार अध्ययन-विभाग का अध्यक्ष होगा और कुलपति चार-पांच व्यक्तियों इसके सदस्य के रूप में को नामित करेगा।

8. प्रत्येक परीक्षार्थी को समय-समय पर बोर्ड ऑफ स्टडीज के द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार विषयों की परीक्षा देनी होगी।

9. शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी या पंजाबी या हिंदी भाषा होगी।

10. वही विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम की परीक्षा दे सकेगा जिसका नाम पत्राचार अध्ययन-विभाग के अध्यक्ष/ संबद्ध महा-विद्यालयों के प्राचार्य के द्वारा निम्नलिखित शर्तों के आधार पर ऊपर भेजा जाएगा।

(i) जो परीक्षा से ैक पहले वाले शैक्षणिक वर्ष में पत्राचार अध्ययन- विभाग/ संबद्ध महाविद्यालयों के नियमित विद्यार्थी रहा हो।

(ii) जो संबद्ध महाविद्यालयों की कक्षाओं के याख्यानों में निर्धारित संख्या में उपस्थित रहा हो।

(iii) जिसने पत्राचार अध्ययन विभाग को कम से कम 50 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाएं (रेश-पोन्स शीट्स) प्रस्तुत की हों।

(केवल पत्राचार अध्ययन-विभाग के लिए)

(iv) उत्तर पुस्तिकाओं या व्याख्यानों में उपस्थिति की कमी को, सिंडीकेट के द्वारा समय-समय पर तय किए गए नियमों के अनुसार, पत्राचार अध्ययन-विभाग का अध्यक्ष। संबद्ध महाविद्यालयों का प्राचार्य क्षमा कर सकता है।

11. यदि पत्राचार अध्ययन विभाग/ संबद्ध महाविद्यालय में कोई नियमित विद्यार्थी है और वह या तो परीक्षा नहीं दे पाता है या परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाता है तो वह विश्वविद्यालय को निर्धारित शुल्क देकर पत्राचार अध्ययन विभाग/ संबद्ध महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी के रूप में परीक्षा दे सकता है।

12. परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए न्यूनतम अपेक्षित अंक इस प्रकार होंगे:

(i) प्रत्येक प्रश्न-पत्र में 35 प्रतिशत प्राप्तांक

(ii) कुल प्राप्तांक 40 प्रतिशत

उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को निम्नलिखित तीन श्रेणियों में रखा जाएगा

(अ) 60 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी प्रथम श्रेणी

(आ) 50 प्रतिशत या इससे अधिक किंतु 60 प्रतिशत से कम कुल अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी

(इ) कुल अंकों का 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी तृतीय श्रेणी

13. विश्वविद्यालय के नियमानुसार सिंडीकेट /सीनेट के द्वारा समय-समय पर तय किए गए कृपांग दिए जाएंगे।

14. (i) यदि कोई विद्यार्थी कुल योग के 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करता है किंतु एक प्रश्न-पत्र में अनुतीर्ण रह जाता है, और उस प्रश्न-पत्र में उसे 25 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त नहीं होते हैं, तो वह उसी वर्ष सितंबर के महीने या परीक्षा नियंत्रक के द्वारा तय की गई तिथियों पर होने वाली पूरक परीक्षा में उस प्रश्न-पत्र की परीक्षा दे सकता है। यदि वह इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने में असमर्थ रहता। रहती है या इस परीक्षा में अनुपस्थित रहता/ रहती है, तो वह आगामी परीक्षा दे सकता/ सकती है। यदि वह विश्वविद्यालय की उस परीक्षा में उस प्रश्न-पत्र में कम से कम

35 % अंक प्राप्त कर लेता/ लेती है तो उसे उस परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा।

(ii) ऐसे परीक्षार्थी को समय-समय पर सिंडीकेट के द्वारा शुल्क को देना होगा और वह पुरस्कार या मेडल के लिए हकदार नहीं होगा/ होगी।

15. यदि कोई परीक्षार्थी प्रदत्त दो अवसरों में भी उस प्रश्न-पत्र को नहीं देता है या प्रश्न-पत्र में उत्तीर्ण नहीं कर पाता है तो उसे संपूर्ण परीक्षा में अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा और यिद वह चाहे तो वह पूरी परीक्षा को फिर से दे सकता/ सकती है।

16. यदि कोई परीक्षार्थी तीन लगातार अवसरों में भी इस परीक्षा को उत्तीर्ण नहीं कर पाता है तो उसे इस पाठ्यक्रम की अपनी पढ़ाई करने की अनुमति नहीं होगी।

17. परीक्षा नियंत्रक परीक्षा के समाप्त होने के चार सप्ताह के ऊपरांत या यथाशीघ्र श्रेणियों को दर्शाते हुए उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सूची प्रकाशित करेगा।

18. प्रत्येक उत्तीर्ण विद्यार्थी को स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा जनसंख्या शिक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा दिया जाएगा जिसमें उसकी वह श्रेणी जिसमें उसने वह परीक्षा उत्तीर्ण की है के साथ कुल प्राप्तांकों तथा अंकों के कुल योग के साथ प्रदर्शित होगी।

8. विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों/ भारत सरकार के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (एग्रो-प्रोसेसिंग) के नाम का बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (फूड टेक्नोलॉजी) के रूप में परिवर्तन (सत्र 2002-2003 से प्रभावी)।

9. विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों/ भारत के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली, भाग-II, 2000 ई. के पृष्ठ 264-268 पर दिए गए (सत्र 2002-2003 ई. से प्रभावी) विनियम 2.1 तथा 5.1 में अनुमोदनार्थ संशोधन

2.1. इस पाठ्यक्रम में वही व्यक्ति प्रवेश पा सकेगा, जिसके पास निम्नलिखित में से कोई एक योग्यता हो:-

() बी.ए./ बी.कॉम./ बी.बी.ए./ बी.सी.ए./ बी.एस.सी./ बी.एस.सी. (आनर्स स्कूल) की पंजाब विश्वविद्यालय से उपाधि या किसी अन्य विश्वविद्यालय की ऐसी ही कोई मान्यता प्राप्त उपाधि जो इनके समकक्ष हो तथा उसमें कम से कम 45

प्रतिशत कुल योगांकों के प्राप्तांक, बशर्ते उसने प्रथम उपाधि स्तर पर कम से दो विषय स्कूल-वर्ग के पढ़े हो।

5. बी.कॉम/बी.बी.ए/एम.कॉम. उत्तीर्ण विद्यार्थी दो अध्यापन विषय चुन सकते हैं, जिनमें से एक वाणिज्य (कॉमर्स) का अध्यापन होगा और दूसरा विषय निम्नलिखित विषयों में से कोई एक होगा:-

अर्थशास्त्र का अध्यापन या अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी तथा संस्कृत भाषाओं में से किसी एक भाषा का अध्यापन

बी.सी.ए. उत्तीर्ण विद्यार्थी कम्प्यूटर विज्ञान तथा उसका अनुप्रयोग एक विषय के रूप में चुन सकते हैं। अध्यापन के अन्य विषय गणित हैं। अध्यापन के अन्य विषय गणित का अध्यापन या अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी या संस्कृति में से कोई एक भाषा हा सकता है।

प्रस्तावित विनियम

बी.एस.सी. (गृहविज्ञान) उत्तीर्ण विद्यार्थी दो अध्यापन-विषयों में एक गृहविज्ञान को तथा दूसरे विषय को निम्नलिखित विषयों में से अध्यापन-विषयों के रूप में, चुन सकते हैं: विज्ञान का अध्यापन या अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी तथा संस्कृत भाषाओं में से कोई एक भाषा

बी.एस.सी. (आनर्स स्कूल) / बी.एस.सी. (मेडिकल) स्नातक निम्नलिखित में से कोई दो अध्यापन-विषय चुन सकते हैं:

1. विज्ञान का अध्यापन/ शारीरिक विज्ञान का अध्यापन
2. जीवन विज्ञान का अध्यापन
3. अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी तथा संस्कृत में से किसी एक भाषा का अध्यापन

बी.एस.सी. (आनर्स स्कूल)/ बी.एस.सी.(गैर-मेडिकल) स्नातक निम्नलिखित में से किन्हीं दो विषयों का चयन करेंगे:

1. विज्ञान का अध्यापन/ शारीरिक विज्ञान का अध्यापन
2. गणित का अध्यापन/ कम्प्यूटर विज्ञान का अध्यापन
3. अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी तथा संस्कृत भाषा में से किसी एक भाषा का अध्यापन

कला-स्नातक निम्नलिखित में से कोई एक विषय अध्यापन के लिए चुन सकते हैं:

सामाजिक विज्ञान का अध्यापन, इतिहास का अध्यापन, भूगोल का अध्यापन, अर्थशास्त्र का अध्यापन, तथा/ अथवा निम्नलिखित भाषाओं में से किसी एक भाषा का अध्यापन, यदि अभ्यर्थी ने स्नातक स्तर पर वह विषय पढ़े हो:

अंग्रेजी भाषा, हिंदी भाषा, पंजाबी भाषा तथा संस्कृत भाषा

10. विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों/ भारत सरकार के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में प्रभावी पंजाब विश्वविद्यालय के कैलेंडर, भाग-I, 2000 ई. के पृष्ठ III पर दिए गए अध्याय V (ए) के विनियम 2 'विश्वविद्यालय के अध्यापक तथा पृ. 44 पर दिए गए विनियम 8' एकेडेमिक कौंसिल में निम्नलिखित संशोधन:-

8. एकेडेमिक कौंसिल के प्रकार्य निम्नलिखित होंगे-

(अ) विश्वविद्यालय के अध्यापन कार्य तथा नव विकास के लिए प्रस्तावों को तैयार करना,

(आ) विश्वविद्यालय में अध्यापकों के लिए नए पदों के सृजन के लिए सिंडीकेट को संस्तुति करना तथा अध्यापकों के पदों की समाप्ति के विषय में सलाह देना

पंजाब विश्वविद्यालय के कैलेंडर, भाग-I, 2000 ई. के पृ. III पर दिए गए विनिवय 2 में संशोधन

2. सीनेट के पास यह अधिकार होगा कि वह समय-समय पर बोर्ड आफ फाइनेंश के द्वारा सिंडीकेट को भेजी गई संस्तुतियों के आधार पर अध्ययन संबंधी विभागों के बारे में निर्णय करे, जिनमें प्रोफेसर, रीडर तथा लेक्चरर के पद दिए जाने वाले हो।

11. विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों/ भारत सरकार के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में प्रभावी 'अभियांकी तथ्य प्रौद्योगिकी' संकाय के नाम का 'अभियांत्रिकी, प्रौद्योगिकी, वास्तु शास्त्र तथा नियोजन' के रूप में परिवर्तन

12. पंजाब विश्वविद्यालय की विनियामवली, खंड- II, 2000ई. के पृष्ठ 45-46 पर दिए गए विनियम 4.1 में संशोधन

4.1 इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में बी.ए. या बी.एस.सी (सामान्य तथा आनर्स) के स्नातक पाठ्यक्रम में उसी व्यक्ति को प्रवेश मिल सकेगा, जिसने अंग्रेजी विषय को उत्तीर्ण करते हुए निम्नलिखित परीक्षाओं में से कोई एक परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो। यह भी प्रावधान है कि यदि किसी व्यक्ति ने +2 की परीक्षा को अंग्रेजी विषय के बिना ही उत्तीर्ण किया हो, तो उसे इस शर्त के साथ बी.ए. / बी.एस.सी. के प्रथम वर्ष में प्रवेश मिल सकेगा कि वह प्रवेश पाने के बाद दो लगातार अवसरों में कमी वाले अंग्रेजी के विषय को सम्बद्ध बोर्ड/निकाय/ कौंसिल/ विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण कर लेगा, जिसके अभाव में उसका बी.ए./ बी.एस.सी. प्रथम वर्ष का प्रवेश और उसकी परीक्षा स्वत: निरस्त समझी जाएगी।

(i) पंजाब विश्वविद्यालय की बी.ए./ बी.एस.सी./ बी.कॉम. भाग-1 (पुरानी पद्धति)/ प्री मेडिकल/ प्री. इंजीनियरिंग/ इंटरमीडिएट:कला/ विज्ञान/कृषि परीक्षा

(ii) किसी मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय/ बोर्ड/ कौंसिल की 10+2+3 पद्धति की +2 परीक्षा

13. पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली, खंड-I, 2000 ई. के पृष्ठ 33 अध्याय-II (ए) (1) 'द सीनेट' पर दिया गया विनियम संख्या 25

25. किसी भी विनियम को राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से ही प्रभावी माना जाएगा, जब तक कि उसमें किसी अन्य तिथि से प्रभावी होने का उल्लेख न किया गया हो।

यदि शैक्षणिक मामलों में भारत सरकार के द्वारा लगाई गई किसी आपत्ति की सूचना, जो प्रस्तावित विनियमों/ संशोधनों/ संबर्द्धनों/ विलापनों से सम्बद्धित हो, विश्वविद्यालय के कार्यालय में भेजे जाने की तिथि के तीन महीनों के अंदर प्राप्त नहीं होती है, तो यह मान लिया जाएगा कि सरकार को प्रस्तावित विनियमों / संशोधनों/ संबर्द्धनों/ बिलोपनों पर कोई आपत्ति नहीं है और उनको सीनेट के द्वारा अनुमोदित हो जाने की तिथि से लागू मान लिया जाएगा।

14. विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों/ भारत सरकार के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में, सत्र 2004-2005 ई. से प्रभावी, अकादमिक कौंसिल के प्रकार्यों

से संबंधित, पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली, खंड-I, 2000ई. के पृष्ठ 44-45 पर दिए गए, अध्याय 2 (ए) (4) 'एकेडेमिक कौंसिल' के विनियम 8 (एच) में संशोधन 8 (एच) विश्वविद्यालय के पुस्तकालय के प्रबंध के लिए, सामान्य तथा वित्तीय नियंत्रण सिंडीकेट के अधीन रहने की शर्त के साथ तथा, इस प्रयोजन के लिए-

(i) अकादमिक कौंसिल के सामान्य नियंत्रण के अधीन, पुस्तकालय के नीतिगत मामलों में सलाह देने के लिए एक समिति का गठन करने के लिए। एक पुस्तकालय समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे:

(1) से (5) XXX XXX XXX

(6) पुस्तकालय विज्ञान के अध्यापक-वर्ग में से कोई एक सदस्य (जो रीडर या इससे उच्चतर पद पर हो)

(2) XXX XXX XXX

15. सीनेट/ भारत सरकार/ भरत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन में प्रत्याशा में प्रभावी, पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली के भाग-I, 2000 ई. के पृष्ठ 67-68 पर दिए गए, अध्याय-2 (बी) के 'सामान्य फेलोज का निर्वाचन' नामक विनियम संख्या 17 (XVIII) (सी) (V) में संशोधन

<u>प्रस्तावित विनियम</u>

किसी भी मतदाता को, नियत समय के अंदर ही उपस्थित न होने पर, तथा निम्नलिखित में से किसी एक भी प्रपत्र के मतदान के समय मतदान अधिकारी के समक्ष पहचान के लिए न प्रस्तुत करने पर, मतपत्र नहीं दिया जाएगा:

(i) मतदाता का चित्र-सहित अपना ताजा पहचानपत्र, जो किसी मान्यता प्राप्त संस्था के नौकरी प्रदाता अधिकारी के द्वारा दिया गया हो। मान्यता प्राप्त संस्था से अभिप्राय सरकारी संस्था,अर्ध-सरकारी संख्या, स्टेट्यूटरी निकायों, स्वायत्त निकायों,निगमों तथा बोर्डों से है।

(ii) सामान्य निर्वाचन पहचान पत्र

(iii) चित्र-सहित वैद्य ड्राइविंग लाइसेंस

(iv) वैद्य पासपोर्ट

(v) किसी प्रथम श्रेणी के दंडाधिकारी / उप-न्यायाधीश/ पंजाब विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य का चित्र सहित प्रमाण-पत्र

(अ) आयकर विभाग के द्वारा जारी किए गया स्थायी खाता संख्या (पी.ए.एन.)

(इ) ऐसा कोई अन्य प्रपत्र, जिस पर मतदाता का चित्र भी हो और जिसे पंजाब विश्वविद्यालय ने पहचान करने के लिए दिया हो।

(vi) बैंक/ डाकघर के द्वारा दिया गया निकट भूतकाल में दी गई कोई पासबुक, जिस पर चित्र भी लगा हो

(vii) किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा-संस्था के द्वारा दिया गया पहचान पत्र, जिस पर चित्र लगा हो

(viii) कोई चालू राशनकार्ड, जिस पर चित्र लगा हो

(ix) किसी पूर्व-सनिक का चित्र सहित कोई प्रपत्र : पूर्व सैनिक की पेंशनबुक / पेंशन-भुगतान का आदेश/ पूर्व-सैनिक की विधवा/ अवलम्बी होने का प्रमाणपत्र/ वृद्धावस्था-पेंशन का आदेश तथा विधवा-पेंशन-आदेश

(X) सचित्र वरिष्ठ नागरिक कार्ड

(xi) सचित्र स्वतन्त्रता- सेनानी कार्ड

(XII) सचित्र सद्यः प्रदत्त हथियार का लाइसेंस

(XIII) सक्षम अधिकारी के द्वारा सद्यः प्रदत्त सचित्र विकलांगता का प्रमाण-पत्र।

(XIV) बार कौंसिल / एसोशियशन के द्वारा सद्यः प्रदत सन्चित्र प्रमाण-पत्र।

16. विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों/ भारत सरकार के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में, पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली भाग-I, 2000 ई. के अध्याय IV (ए) (ii), जिसका संबंध अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण (पुरुष)/ अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण (महिलाएं) से है, पृष्ठ 107 पर लिखे हुए विनियम 2 में परिवर्द्धन।

2. अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण के कर्त्तव्य और प्रकार्य निम्नलिखित होंगे-

(i) चंडीगढ़ में रहकर विश्वविद्यालय की कक्षाओं में पढ़नेवाले विद्यार्थियों के आवास की व्यवस्था करना और उनके अनुशासन के लिए पर्यवेक्षण करना, तथा इसके साथ ही परिसर से बाहर रहने वाले विद्यार्थियों के आवास की व्यवस्था को अनुमोदित करना;

(ii) विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की सांस्कृतिक तथा शिक्षेतर गतिविधियों का निर्देशन करना।

(iii) विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के शारीरिक कल्याण तथा एन.सी.सी. की गतिविधियों का ध्यान रखना।

(iv) विद्यार्थियों की शिक्षेतर गतिविधियों के लिए विद्यार्थी कल्याण विभाग को निर्धारित अमेलगनेटेड फंड के लेखा को चलाना

(v) परिसर में तथा परिसर के बाहर (शिक्षा संबंधी कार्य, जिसे विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा/ अथवा डी.यू. आई. देखते हैं)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के अनुशासन से संबंधित सभी मामलों की व्यवस्था करना तथा समुचित जांच-पड़ताल के पश्चात आवश्यक दंड निर्धारिण करना;

(vi) विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के सामाजिक, नैतिक और भावात्मक हित-संपादन के लिए उपाय और साधन तलाश करना, तथा उनमें देश के प्रति निष्ठा, कर्त्तव्य के प्रति समर्पण तथा सत्य के मार्ग पर प्रमाण जैसे महान् आदर्शों के प्रति आदर का भाव जगाना।

2.2. कुलपति तथा सिंडीकेट की संस्तुति पर सेनेट अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण (महिलाएं) की भी नियुक्ति उस कालावधि के लिए और उन शर्तों पर कर सकती है, जो अधिष्ठाता विद्यार्थी कल्याण के लिए निर्धारित है और इसका आधार अमलगमेटेड फंड होगा एकाउंट होगा। अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण (महिलाएं) की उस शिकायत समिति की भी अध्यक्ष होगी जो लैंगिक प्रताड़ना के परिहार, अनुशासन तथा आचरण संहिता के निर्वहन के लिए अधिकृत है।

17. विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों / भारत सरकार के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में सत्र 2003-2004ई. के प्रवेश से प्रभावी, पंजाब विश्वविद्यालय की विनियमावली, खंड-II, 2000 ई. के पृष्ठ 46 पर दिए गए, बी.ए./ बी.एस.सी. (सामान्य तथा आनर्स) से संबंधित विनियम 7 में संशोधन

7. वही विद्यार्थी पहले /दूसरे/ तीसरे वर्ष की परीक्षा दे सकेगा-

(अ) जिसने विनियम 4.1. में उल्लिखित योग्यता दात्री परीक्षा कम से कम एक अकादमिक सत्र के पूर्व उत्तीर्ण कर ली हो।

यदि किसी विद्यार्थी को पूरक परीक्षा देनी हो और वह बी.ए./ बी.एस.सी. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए योग्य हो, तो उसके मामले में एक शैक्षणिक वर्ष की गणना उस परीक्षा से होगी जिसमें उसे पूरक परीक्षा देने के योग्य घोषित किया गया हो। यदि किसी विद्यार्थी को पूरक परीक्षा देने वाली श्रेणी में रखा गया हो/ कोई विद्यार्थी +2 की परीक्षा में उस विषय में अनुत्तीर्ण रह गया हो तो उसे निम्नलिखित शर्तों के अधीन बी.ए./बी.एस.सी. प्रथम वर्ष में प्रवेश दिया जा सकता है;

ऐसे अभ्यर्थी का प्रवेश विनियम 4.2. के अधीन सशर्त होगा और उसका प्रवेश तभी संपुष्ट माना जाएगा

जब वह पूरक परीक्षा वाले विषय में प्रवेश के लिए अपने बोर्ड /निकाय/ कौंसिल/ विश्वविद्यालय से दो लगातार अवसरों में परीक्षा उत्तीर्ण कर लेगा। यदि वह लगातार दो अवसरों में भी पूरक परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाता है, तो उसका बी.ए./बी.एस.सी. भाग-I में सशर्त प्रवेश में निरस्त समझा जाएगा।

यदि पूरक परीक्षा की श्रेणी में आया हुआ परीक्षार्थी प्रवेश की अंतिम तिथि से पूर्व, बोर्ड +2 की परीक्षा उत्तीर्ण कर लेता है, तो उसे अगली कक्षा में प्रवेश के लिए सक्षम माना जाएगा, बशर्ते उसके पास निर्धारित योग्यताएं हों और स्थान सुलभ हो।

(आ) XXX XXX XXX

18. विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों / भारत सरकार के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में (सत्र 2002-2003 ई. के प्रवेश से प्रभावी), स्नातक स्तरीय शैक्षणिक कार्यक्रम पर्यवेक्षण तथा कार्यकारी समिति (यू.जी.ए.टी.एम.ई.सी.) के प्रकार्यों से संबंधित बी.एस.सी.(आनर्स स्कूल) (वार्षिक पद्धति)से संबंधित विनियम 12.2 में धारा (1द्व) का परिवर्द्धन

12.2. बोर्ड ऑफ कंट्रोल स्नातक स्तरीय शैक्षणिक कार्यक्रम पर्यवेक्षण तथा कार्यकारी समिति (यू.जी.ए.टी.एम.ई.सी.) का गठन करेगा जिसका प्रयोजन तीनों वर्षों में शैक्षणिक कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण और कार्यान्वयन होगा। इस यू.जी.ए.टी.एम.ई.सी. संमिति के प्रकार्य निम्नलिखित होंगे;

(i) से (v) XXX XXX

(vi) यू.जी.ए.टी.एम.ई.सी. समिति प्रश्न-पत्र निर्माण तथा मूल्यांकन के संबंध में यदि कोई शिकायत होती है तो उस संबंध में अपनी सिफारिशें करेगी तथा झगड़े निपटाएगी।

19. सीनेट / भारत सरकार के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में लागू (अप्रैल, 2003 ई. की परीक्षा से प्रभावी) पंजाब विश्वविद्यालय के कलेंडर, खंड-II, 2000 ई. के पृष्ठ 69 पर दिए गए बी.एस.सी. (आनर्स स्कूल) (वार्षिक पद्धति) परीक्षा से संबंधित विनियम में परिवर्द्धन:

"यदि किसी विद्यार्थी ने पंजाब विश्वविद्यालय से बी.एस.सी. (आनर्स स्कूल) की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, तो वह व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में उन विषयों के सैद्धांति प्रश्न-पत्रों की परीक्षा फिर से दे सकता/ सकती है, जिनमें वह पहले परीक्षा दे चुका/ चुकी है, ताकि पहले की उपेक्षा उसके प्राप्तांक अच्छे हो जाए। वह प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष की परीक्षा चाहे तो एक साथ या अलग-अलग दे सकता/ सकती है।

इसके लिए उसे बी.एस.सी. (आनर्स स्कूल) परीक्षा देने के वर्ष के तुरंत बाद के तीन वर्षों के अंतर ही दो अवसर मिलेंगे। उसे वार्षिक/ सेमेस्टर परीक्षा में अन्य नियमित विद्यार्थियों के साथ ही परीक्षा देनी होगी।

बी.एस.सी. (आनर्स स्कूल) के विद्यार्थियों की परीक्षा उस समय लागू पाठ्यक्रम के आधार पर तथा उस समय लागू विश्वविद्यालय के नियमों के अधीन होगी।

आंतरिक मूल्यांकन के भाग में सुधार की अनुमति नहीं होगी।

व्याख्यातमक टिप्पणी:

किसी परीक्षार्थी के द्वारा सुधारे गए परीक्षा-परिणाम का प्रभाव पहले तय की गई मूल परीक्षा की वरिष्ठता सूची को प्रभावित नहीं करेगा।"

20. विश्वविद्यालय के निकायों/भारत सरकार के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में लागू बी.एस.सी. (आनर्स स्कूल) (वार्षिक पद्धति) परीक्षा से संबंधित औद्यमिक जीव-प्रौद्योगिकी/ औद्यमिक कम्प्यूटर विज्ञान तथा अनुप्रयोग के सहायक विषयों के प्रमाण-पत्र देने के लिए विनियम 14 में परिवर्द्धन:

14. वर्ष 1999-2003 ई. के बीच बी.एस.सी. (आनर्स स्कूल) परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उन विद्यार्थियों को अलग से सहासक विषयों के पढ़ने के प्रमाण-पत्र दिए जएंगे, जिन्होंने औद्योमिक जीव, प्रौद्योगिकी/ औद्योमिक कम्प्यूटर विज्ञान तथा अनुप्रयोग के विषय सहायक विषयों के रूप में अपने पाठ्यक्रम में तीनों वर्षों में पढ़े हैं, जिस पर परीक्षा नियंत्रक की मोहर/ हस्ताक्षर होने के साथ-साथ बी.एस.सी. (आनर्स स्कूल) के तीसरे वर्ष में सहायक विषय के प्राप्तांक भी लिखे होंगे।

21. सीनेट /भारत सरकार के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में, अप्रैल 2003 ई. की परीक्षा से प्रभावी, पंजाब विश्वविद्यालय के कैलेंडर खंड-II, 2000 ई. में दिए गए एम.एस.बी. (आनर्स स्कूल) (वार्षिक पद्धति) से संबंधित विनियम 13 में परिवर्द्धन:

"यदि किसी परीक्षार्थी ने पंजाब विश्वविद्यालय से एम.एस.बी. (आनर्स स्कूल) (वार्षिक पद्धति) परीक्षा सेमेस्ट पद्धति से उत्तीर्ण की है, तो वह अपने परीक्षा फल को सुधारने की दृष्टि से यदि चाहे तो, व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में फिर से परीक्षा दे सकता/ सकती है। इस संदर्भ में उसे अपना पाठ्यक्रम उत्तीर्ण कर लेगे के पांच वर्ष के अंदर ही दो अवसर मिलेंगे। उसे मुख्य सेमेस्टर परीक्षा में संबद्ध विषय/ विषयों की परीक्षा देनी होगी अर्थात् पहले और तीसरे सेमेस्टर में पढ़े हुए विषयों की परीक्षा नवंबर/ दिसंबर तथा दूसरे और चौथे सेमेस्टर में पढ़े हुए विषयों की परीक्षा अप्रैल/ मई में परीक्षा देनी होगी। यदि उसके परीक्षा परिणाम में कोई सुधार नहीं हो पाता है तो वह आगामी वर्ष में संबद्ध सेमेस्टर में फिर से परीक्षा दे सकता/ सकती है और इसे उसका दूसरा अवसर माना जाएगा। इसके लिए उसे वह शुष्क देना होगा जो प्रत्येक विषय के लिए सिंडीकेट के द्वारा समय-समय पर सेमेस्टर के लिए अधिकतम रूप में तय किया जाएगा।

<u>व्याख्यात्मक टिप्पणी:</u>

किसी भी परीक्षार्थी के द्वारा इस प्रकार सुधारा गया परीक्षा परिणाम मूल परीक्षा में निर्धारित वरिष्ठता सूची को प्रभावित नहीं करेगा।"

22. भारत सरकार के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में लागू (2002 ई. की परीक्षा से प्रभावी, पंजाब विश्वविद्यालय के कैलेंडर, भाग-II, 200 ई. के पृष्ठ 85 पर दिए गए, पत्राचार द्वारा एम.ए. भाग-I (समाजशास्त्र) (वार्षिक पद्धति) से संबंधित विनियम 9.1 में परिवर्द्धन) :

(i) प्रश्न पत्र- II में वही परीक्षार्थी उत्तीर्ण समझा जाएगा, यदि वह सैद्धांतिक प्रश्नपत्र में अलग से या रिसर्च एसाइनमेंट्स के साथ संयुक्त रूप में 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करता/ करती है।

(ii) परीक्षा-परिणाम के पूर्ववत् रहने की स्थिति में कोई भी परीक्षार्थी केवल सैद्धांतिक प्रश्नपत्र की परीक्षा फिर से दे सकता है और इस संदर्भ में आंतरिक मूल्यांकन के उसके अंक पूर्ववर्ती मुख्य परीक्षा वाले ही रहेंगे। यह बात इस प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण/ अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थियों पर भी लागू होगी।

(iii) किसी भी विद्यार्थी को एसाइनमेंट जमा करने के लिए कोई भी अतिरिक्त अवसर नहीं दिया जाएगा।

(iv) पुनर्मूल्यांकन केवल सैद्धांतिक प्रश्न-पत्रों का ही हो सकेगा, एसाइनमेंट तथा आंतरिक मूल्यांकन का नहीं। इस प्रश्नपत्र में किसी भी अभ्यर्थी के आंतरिक मूल्यांकन के अंक अब तक अपरिवर्तित रहेंगे, जब तक कि वह पूरक परीक्षा में या प्रश्नपत्र के सैद्धांतिक भाग को उत्तीर्ण नहीं कर लेता।

23. विश्वविद्यालय के निकायों/ भारत सरकार के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में लागू (2002-2003 ई. प्रवेश से प्रभावी), स्नातकोत्तर शैक्षणिक कार्यक्रम पर्यवेक्षण तथा कार्यकारी समिति (पी.जी.ए.पी.एम.ई.सी) के प्रकार्यों से संबंधित, पंजाब विश्वविद्यालय के कैलेंडर, भाग-II, 2000 ई. में दिए गए एम.एस.सी. (आनर्स स्कूल) (वार्षिक पद्धति) से संबंधित विनियम 10.2 में धारा (XII) का संबर्द्धन:10.2 बोर्ड ऑफ कंट्रोल स्नातकोत्तर शैक्षणिक कार्यक्रम पर्यवेक्षण तथा कार्यान्वयन समिति (पी.जी.ए.पी.एम.ई.सी) का गठन करेगा, जो तीनों वर्षों के शैक्षणिक कार्यक्रमों पर नजर रखेगी। इसका गठन और इसके प्रकार्य निम्नलिखित रूप में होंगे।

(i) से (vi) XXX XXX XXX

(vii) पी.जी.ए.पी.एम.ई.सी. का कार्य प्रश्नपत्र निर्माण तथा मूल्यांकन से संबंधित शिकायतों यदि कोई हों के विषय में संस्तुति करना तथा उनका समाधान करना होगा।

24 पंजाब-विश्वविद्यालय के कैलेण्डर, भाग II, 2000 के पृष्ठ 175-183 पर दिए गए कला, भाषा, शिक्षा, विज्ञान एवं डिजाइन तथा ललित कलाओं के संकायों में पी.एच.डी. उपाधि से संबंधित विनियमों में संशोधन ।

3.4 आवेदक एनरोलमेंट की तिथि के एक वर्ष के भीतर ही अपने विश्वविद्यालय के विभाग के चैयरमैन/अध्यक्ष अथवा सम्बद्ध प्रिंसीपल, होमसाइंस कॉलेज के द्वारा रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) के लिए आवेदन करेगा। विश्वविद्यालय का शैक्षणिक डीन विश्वविद्यालय के विभाग के चैयरमैन/अध्यक्ष/प्रिंसीपल होम साइंस कॉलेज की संस्तुति के आधार पर छह महीने तक की अवधि बढ़ा सकता है।

पंजीकरण के आवेदन पत्र में निम्नलिखित बातें होंगी-

(अ) शोध-प्रबन्ध का सम्भावित शीर्षक या शोध कार्य का व्यापक क्षेत्र; अथवा

(आ) शोध परियोजना की संभावित रूपरेखा।

यदि कोई आवेदक डेढ़ वर्ष के अंदर अपने शोध प्रबंध की संभावित रूपरेखा और शीर्षक के साथ अपना पंजीकरण का फार्म प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो विभाग का चैयरपर्सन/ अध्यक्ष/ प्रिंसीपल, होम साइंस कालेज, ज्वांइट

रिसर्च बोर्ड को विशेष कारण सूचित करेगा, जिनके आधार पर डेढ़ वर्ष के अतिरिक्त छह महीने की अवधि का और विस्तार पंजीकरण के फार्म, संभावित शोध-विषय और शोध-प्रबंध की रूपरेखा को जमा करने के लिए स्वीकृत कर सकता है (जो सामान्य एक वर्ष और छह महीने के विस्तार के अतिरिक्त होगा)। इसके लिए उसे वह शुल्क भी देना पड़ेगा जो सिंडीकेट/ सीनेट समय-समय पर तय करेगी ।

3.5 (अ) किसी भी आवेदक को पंजीकरण का फार्म, शोध-प्रबंध का संभावित शीर्षक और उसकी रूपरेखा को सम्बद्ध विभाग के चैयरपर्सन को प्रस्तुत करना होगा, जो इसकी प्राप्ति से एक सप्ताह के अन्दर ही इसे विश्वविद्यालय के कार्यालय को भेज देगा ।

(आ) यदि कोई आवेदक दो वर्ष के अंदर भी पंजीकरण के फार्म और शोध की रूपरेखा को चेयरपर्सन/अध्यक्ष को प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है, तो उसका एनरोलमेंट अपने आप ही कैंसिल (निरस्त) हो जाएगा। इसके लिए आवेदक को अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी ।

4.2 विभाग का अध्यक्ष/प्रिंसीपल, होम साइंस कालेज आवेदन पत्र को अग्रसारित करते हुए किसी उपयुक्त शोध निर्देशक के नाम की भी संस्तुति करेगा जो आवेदक का शोध के क्षेत्र में निर्देशन कर सके। यदि आवश्यकता हो तो वह एक से अधिक संयुक्त शोध निर्देशकों के नाम की भी संस्तुति कर सकता है।

4.3 आवेदक तथा शोध-निर्देशक की प्रार्थना पर संयुक्त शोध-निर्देशकों को विश्व-विद्यालय के अध्ययन विभागों, विश्वविद्यालयों के क्षेत्रीय परास्नातक केन्द्रों, जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा मान्यता प्राप्त हों तथा राष्ट्रीय/स्वायत प्रयोगशालाओं से लिया जा सकता है। सम्बद्ध विभाग का अध्यक्ष इस संबंध में इनको प्रमाणित करेगा बशर्ते ये निम्नलिखित शर्तो को पूरा करते हों-

(अ) ये शोध निर्देशक पी-एच.डी. की उपाधि प्राप्त कर चुके हों तथा इनकी प्रकाशित सामग्री हो। जैसे : पुस्तकें, लेख तथा संदर्भित शोध-पत्रिकाओं में शोध-पत्र

तथा

(आ) पी-एच.डी. की उपाधि को प्राप्त करने के पश्चात् किए गए शोध का प्रमाण । इस उद्देश्य के लिए सम्बद्ध संस्थाओं आदि से कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा ।

11.1 प्रत्येक आवेदक हर छह महीने की अवधि के बीत जाने पर अपने शोध निर्देशक का लिखित में सूचित करेगा कि उसने इन छह महीनों में क्या शोध कार्य किया है। शोध-निर्देशक इस रिपोर्ट के आधार पर वह कार्यवाही करेगा जो उचित होगी तथा जिसका आधार यह रिपोर्ट तथा इस मामले की अन्य परिस्थितियां होंगी ।

प्रगति के इस प्रतिवेदन पर कम से कम एक शोध-निर्देशक/ प्रस्तावित शोध निर्देशक/ संयुक्त शोध निर्देशक हस्ताक्षर करेगा और आवेदक इसे सम्बद्ध विभाग के अध्यक्ष को प्रस्तुत करेगा, जिसे विभागीय अकादमिक समिति के सम्मुख विचारार्थ रखा जाएगा। आकदमिक समिति की कार्यवाही की एक प्रति रिकार्ड के लिए विश्वविद्यालय के कार्यालय को भेजी जाएगी। विभाग का अध्यक्ष यह सुनिश्चित करेगा कि प्रगति के प्रतिवेदन नियमित रूप से प्रस्तुत किए जा रहे हैं। यदि किसी मामले में लगातार दो प्रगति प्रतिवेदन नहीं मिलते हैं तो यह मामला अकादमिक समिति के समक्ष विचारार्थ रखा जाएगा और संयुक्त शोध बोर्ड (ज्वाइंट रिसर्च बोर्ड) को एनरोलमेंट तथा पंजीकरण के निरस्तीकरण (कैंसलेशन) के लिए संस्तुति की जाएगी ।

13. यदि कोई आवेदक इन विनियमों के अधीन दिए गए निश्चित समय के अन्दर अपना शोध-कार्य और शोध प्रबन्ध पूरा नहीं कर पाता तो वह अपने शोध-निर्देशक के माध्यम से सम्बद्ध विभाग के अध्यक्ष को अवधि में विस्तार करने के लिए आवेदन कर सकता है।

बशर्ते कि -

(i) अवधि में विस्तार एक समय पर एक वर्ष से अधिक अवधि का नहीं किया जाएगा।

(ii) अवधि विस्तार के प्रत्येक प्रार्थना-पत्र के साथ वह शुल्क देना होगा जिसे सिंडीकेट/सीनेट समय-समय पर तय करेगी।

यदि शोध प्रबंध निर्धारित पांच वर्ष की अवधि के उपरान्त किया जाएगा, तो इस विलम्ब को निम्नलिखित अधिकारी माफ कर सकेगें :

(i) तीन महीने तक के लिए-डीन ऑफ यूनिवर्सिटी इनस्ट्रक्शन ।

(ii) एक वर्ष तक के लिए - ज्वाइंट रिसर्च बोर्ड ।

(iii) एक वर्ष से तीन वर्ष की अवधि के लिए कुलपति, ज्वांइट रिसर्च बोर्ड के द्वारा अभिलिखित विशेष और अपवाद स्वरूप परिस्थितियों के आधार पर ।

इनरोलमेंट की तिथि से पांच वर्ष अवधि बीत जाने के बाद पी-एच.डी. के शोध-प्रबंध को प्रस्तुत किए जाने पर, विलम्ब के लिए क्षमादान के लिए एक वर्ष के लिए दो हजार रुपये का शुल्क या समय-समय पर सिंडीकेट/ सीनेट के द्वारा तय किया गया शुल्क देय होगा ।

यह प्रावधान किया जाता है कि इनरोलमेंट की तिथि से शोध-प्रबंध को प्रस्तुत करने के लिए अधिकतम समय सीमा आठ वर्ष की होगी अर्थात् सामान्य सीमा : तीन वर्ष, समय सीमा में विस्तार : दो वर्ष, तथा क्षमादान समय सीमा : तीन वर्ष, जिसकी समाप्ति पर आवेदक का एनरोलमेंट और रजिस्ट्रेशन स्वत: ही निरस्त समझा जाएगा ।

25. पंजाब विश्वविद्यालय के कैलेंडर, भाग-II, 2000 ई. के पृष्ठ 233 पर दिए गए विनियम संख्या 3.1 तथा 3.3, जिनका संबंध पंजाब विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में अनुवाद-डिप्लोमा (अंग्रेजी से हिन्दी/पंजाबी) से है तथा जो सत्र 2003-2004 से लागू होगा तथा जिसे विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों/भारत सरकार/भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में लागू मान लिया गया है, में संशोधन :-

3.1 वही व्यक्ति इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा, जो विनियम 2 में दी गई योग्यताओं से युक्त है और जो पंजाब विश्वविद्यालय के हिन्दी/पंजाबी विभाग के अध्यक्ष द्वारा या पंजाब विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किसी महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा (जैसी भी स्थिति हो) हस्ताक्षरित निम्नलिखित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगा :

(अ) अच्छे चरित्र का ।

(आ) परीक्षा से ठीक पूर्ववर्ती सत्र में सम्बद्ध विभाग/महाविद्यालय में नियमित विद्यार्थी रहने का,

तथा

(इ) कक्षा में दिए गए कुल व्याख्यानों में से कम से कम 66 प्रतिशत में उपस्थिति का;

3.3 यदि कोई विद्यार्थी निर्दिष्ट पाठ्यक्रम में पढ़ाई करने के बाद परीक्षा में भाग नहीं लेता है या परीक्षा में भाग लेता है और अनुत्तीर्ण रह जाता है, तो उसे इस पाठ्यक्रम में पढ़ाई करने के तीन वर्षों के भीतर, यथास्थिति के अनुसार विभाग के अध्यक्ष/ महाविद्यालय के प्राचार्य की संस्तुति पर, फिर से परीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है।

26. पंजाब विश्वविद्यालय के कैलेंडर, भाग-II, 2000 ई. के पृष्ठ 302 पर दिए गए विनियम 4.1(ए), जिसका सम्बन्ध बी.कॉम (सामान्य तथा आनर्स) परीक्षा से है (सत्र 2003-2004 के प्रवेशों से प्रभावी माना जाने वाला), जिसे विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों/भारत सरकार/भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में लागू कर दिया गया है, में परिवर्द्धन ।

4.1 वही विद्यार्थी प्रथम/द्वितीय/तृतीय वर्ष की परीक्षा दे सकेगा जिसने-

(अ) विनियम 3 में दी गई, कम से कम एक अकादमिक सत्र पूर्व, योग्यता देने वाली परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो ।

जिन आवेदकों को, जिस +2 कक्षा की परीक्षा में पूरक परीक्षा देने के लिए स्थान प्राप्त हुआ हो और उसने बोर्ड की पूरक परीक्षा प्रवेश की अंतिम तिथि से पूर्व उत्तीर्ण कर ली हो, तो उनको आगामी उच्चतर कक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है बशर्ते कि वे इसके योग्य हों और उनके लिए स्थान सुलभ हो ।

(आ) XXX XXX XXX

27 विश्वविद्यालय के निकायों/भारत सरकार/भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित होने की प्रत्याशा में, पंजाब विश्वविद्यालय के कैलेंडर, भाग- II, सन् 2000 के पृष्ठ 360-364 पर दिए गए, एल-एल0एम0 परीक्षा से सम्बन्धित परीक्षा-परिणाम को बेहतर बनाने से सम्बन्धित संबर्द्धन ।

"एल-एल.एम. के विद्यार्थी, जिन्होंने 55% से कम कुल अंक प्राप्त किए हों/कर रहे हों, तो उन्हें एल-एल0एम0 उपाधि प्राप्त करने की तिथि के लिए अवसर दिया जाएगा।"

नोट:- 1. बेहतर हो गए परीक्षा-परिणाम से, मूल परीक्षा के द्वारा निर्धारित वरीयता-क्रम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

2. जिन्होंने एल-एल.एम. की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, उन्हें इस विनियम-परिवर्तन के प्रभावी होने की तिथि से दो वर्षों के भीतर ही अपना परीक्षा-परिणाम बेहतर करने का अवसर मिलेगा।

28. यूनीवर्सिटी इंस्टीट्सूट ऑफ इंजीनियरिंग ऐंड टेकनोलोजी की अभियांत्रिकी में स्नातक-परीक्षा (बेचलर ऑफ इंजीनियरिंग) से सम्बन्धित विनियम 3 (सन् 2003 के प्रवेशों से प्रभावी) और जिसको सीनेट/भारत सरकार/भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में लागू किया गया :

3. इस उपाधि की किसी भी विधा में प्रथम समस्तर के पाठ्यक्रम में प्रवेश-परीक्षा के द्वारा ही प्रवेश मिलेगा। वही आवेदक प्रवेश परीक्षा दे सकेगा, जिसने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद् (सी.बी. एस.ई.), नई दिल्ली की, या इसके समकक्ष की किसी परीक्षा को अनिवार्य विषयों के रूप में उत्तीर्ण किया हो तथा निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय को भी लेकर इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया हो :

1. रसायन विज्ञान
2. जैव-प्रौद्योगिकी
3. कम्प्यूटर विज्ञान
4. जीव विज्ञान (बॉयोलोजी)

29. पंजाब विश्वविद्यालय के कैलेंडर, भाग-II, सन् 2000 के पृष्ठ 377 पर दिया गया विनियम 3, जिसका सम्बन्ध स्नातक-स्तरीय अभियांत्रिकी परीक्षा से है (सन् 2003 के प्रवेश से प्रभावी), तथा जिसे सीनेट के अनुमोदन/भारत सरकार/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में लागू कर दिया गया है :

3. इस पाठ्यक्रम की किसी भी विधा के पहले समस्तर में प्रवेश, प्रवेश-परीक्षा के द्वारा ही दिया जाएगा। वही आवेदक प्रवेश-परीक्षा दे सकेगा, जिसने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद् (सी.बी. एस.ई.), नई दिल्ली की, या इसके समकक्ष की किसी परीक्षा को अनिवार्य विषयों के रूप भौतिकी तथा गणित लेकर उतीर्ण किया हो तथा निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय के साथ भी लेकर इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया हो :

(I) रसायन विज्ञान (कैमिस्ट्री)
(II) जैव प्रौद्योगिकी (बायो-टेक्नोलॉजी)
(III) कम्पयूटर विज्ञान (कम्पयूटर साइंस)
(IV) जीव विज्ञान (बॉयोलाजी)

(कलकत्ता) (ए. एम. आई. ई.) के ए और बी के अनुभाग उत्ताण कर लिए हों या इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कैमिकल इंजीनियर्स (कलकत्ता) (आई.आई.सी-एच.ई.) के अनुभाग 'ए' और 'बी' की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, तथा इनमें कुल अंक कम से कम

30. विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों के द्वारा अनुमोदन/भारत सरकार के द्वारा अनुमोदन/भारत सरकार के राजपत्र के प्रकाशन की प्रत्याशा में एम. टैक (ऊर्जा अभियान्त्रिकी तथा प्रबन्धन) (सत्र 2002-2003 के प्रवेश से प्रभावी) विनियम:

1.1 एम.टैक (उर्जा अभियान्त्रिकी तथा प्रबन्धन के किसी भी नियमित आवेदक के लिए पाठ्यक्रम चार समस्तर (दो वर्ष) का होगा। किसी भी आवेदक को अधिकतम चार शैक्षणिक वर्षो के भीतर ही इस उपाधि के लिए परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। ऐसा न होने पर उसे इस पाठ्यक्रम को आगे पढ़ने से वंचित होना पड़ेगा।

2.1 एम. टैक (ऊर्जा अभियान्त्रिकी तथा प्रबन्धन) के पाठ्यक्रम में उसी आवेदक को प्रवेश मिलेगा जिसके पास निम्नलिखित योग्यताएं हों-

बी. ई/ बी. टैक या इसके समकक्ष की कैमिकल, मैकेनिकल, सिविल प्रोडक्शन, इलेक्ट्रिकल, एग्रीकल्चरल, इंजीनियरिंग में कोई उपाधि, भौतिकी, ऊर्जा, रसायन-विज्ञान में पचपन प्रतिशत कुल प्राप्तांकों के साथ एम.एस.सी. की उपाधि।

2.2 प्रवेश के लिए वही पद्धति लागू की जाएगी जिसका निर्णय समय-समय पर सिंडीकेट ने किया हो।

2.3 यदि किसी आवेदक ने इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (कलकत्ता) (ए. एम. आई. ई.) के ए और बी के अनुभाग उत्तीर्ण कर लिए हों या इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कैमिकल इंजीनियर्स (कलकत्ता) (आई.आई.सी-एच.ई.) के अनुभाग 'ए' और 'बी' की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, तथा इनमें कुल अंक कम से कम पचपन प्रतिशत प्राप्त किए हों, तो उसे एम.टैक (ऊर्जा

अभियान्त्रिकी तथा प्रबन्धन) पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जा सकता है बशर्ते उसने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो।

3.1 एम. टैक (ऊर्जा अभियान्त्रिकी) की उपाधि की परीक्षा दिसम्बर/जनवरी तथा मई/जून या सिंडीकेट द्वारा तय की गई तिथियों पर हुआ करेगी।

3.2 परीक्षा के फार्म तथा परीक्षा शुल्क बिना विलम्ब के तथा विलम्ब सहित लेने की अंतिम तिथियां सिंडीकेट तय करेगी।

3.3 विनियम 3.1 के अधीन सिंडीकेट द्वारा तय की गई तिथियों की सूचना परीक्षा नियंत्रक जारी करेगा।

3.4 यदि कोई आवेदक एम.टैक (ऊर्जा प्रौद्योगिकी) के किसी सम्बद्ध समस्तर में विश्वविद्यालय के विभाग में नियमित विद्यार्थी रहा है और उसने ऊर्जा शोध केन्द्र के निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित निम्नलिखित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए है तभी वह उस समस्तर की परीक्षा में बैठ सकेगा :

(i) अच्छे चरित्र का प्रमाण-पत्र ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न पत्र में दिए गए व्याख्यानों में से कम से कम 75% उपस्थित रहने का तथा सत्रीय कार्य, टयूटोरियल कार्य, प्रयोगशाला का कार्य, सेमिनार में कम से कम 75% उपस्थित रहने का प्रमाण पत्र तथा विश्वविद्यालय के विभाग द्वारा समय-समय पर जो अभ्यास और आवधिक परीक्षाएं हुई है उनमें उत्कृष्टता के साथ सुयश अर्जन करने का प्रमाण-पत्र।

4. उपस्थिति में कमी होने की दशा में ऊर्जा शोधकार्य केन्द्र के निदेशक द्वारा दस प्रतिशत तक की कमी को क्षमा किया जा सकता है।

आवेदक द्वारा प्रवेश के लिए दिए जाने वाला शुल्क सिंडीकेट द्वारा समय-समय पर तय किया जाएगा।

6.1 प्रत्येक आवेदन को परीक्षा के लिए निम्नलिखित पढ़ाई करनी होगी।

(अ) अभियान्त्रिकी तथा प्रौद्योगिकी के संकाय द्वारा समय-समय पर तय किए गए प्रश्न-पत्रों में से कम से कम दस सैद्धान्तिक प्रश्न पत्र, जिनका चयन ऊर्जा शोध केन्द्र के निदेशक के परामर्श से होगा। इस के साथ शर्त यह भी है कि इस पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के प्रथम सत्र के अंत में किसी भी आवेदक को पांच प्रश्न पत्रों से अधिक की परीक्षा देने की तथा पहले वर्ष की समाप्ति पर दस प्रश्न-पत्रों (जिनमें पहले समस्तर में उत्तीर्ण किए गए पांच प्रश्न-पत्र सम्मिलित रहेंगे) की परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी।

(आ) स्वच्छता के साथ टंकित या मुद्रित शोध प्रबंध की चार प्रतियाँ, जिन्हें अच्छी तरह संग्रहित किया गया हो, विश्वविद्यालय में जमा करवानी होंगी।

6.2 अध्ययन और परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी भाषा होगा।

7.1 आवेदक अपना शोध-प्रबंध उस सम्बद्ध अध्यापक के निर्देशन में तैयार करेगा जो विश्वविद्यालय/विभाग/सहयोगी संस्था से संबंधित होगा तथा एक संयुक्त शोध निर्देशक होगा जो किसी अन्य संस्था,

उद्योग/निगम/अन्य संगठन से होग जो ऊर्जा के क्षेत्र के कार्यरत हो। फिर भी यदि ऊर्जा शोध केन्द्र का निदेशक इस बात से सहमत हो कि शोध प्रबन्ध को तैयार करने की सुविधाएं किसी अन्य जगह पर उपलब्ध हैं तो वह उसे अपना शोध प्रबंध वहां तैयार करने की अनुमति दे सकता है और उसका यह समय एम.टैक. (ऊर्जा प्रौद्योगिकी) के लिए आवश्यक कालावधि में जोड़ दिया जाएगा, लेकिन आवेदक को अपना शोध प्रबन्ध पूरा करने के लिए अपने शोध निर्देशक के या ऊर्जा शोध केन्द्र के निदेशक के प्रत्यक्ष निर्देशन में कम से कम चार सप्ताह कार्य करना अनिवार्य होगा।

7.2 शोध प्रबंध में क्रमबद्ध तथा आलोचनात्मक रूप में उस विषय के वर्तमान ज्ञान का विवरण होगा, मूल रूप से किए गए अनुसंधान के परिणाम होंगे तथा शोध कर्ता के स्वतंत्र रूप से शोध करने की क्षमता का प्रदर्शन होगा और शोध प्रबन्ध में यह लिखा जाएगा कि उसने स्वतंत्र रूप से क्या शोध-कार्य किया है तथा यह भी बताया जाएगा कि शोध-प्रबन्ध में सन्निहित अन्य सूचनाएं उसे कहां से प्राप्त हुई है।

7.3 विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम के तीसरे समस्तर की समाप्ति पर शोध प्रबन्ध जमा कर देगा बशर्ते उसने पहले और दूसरे समस्तरों के सभी सैद्धान्तिक प्रश्न-पत्रों की परीक्षा दे दी हो। शोध-प्रबन्ध का परीक्षा परिणाम तभी घोषित किया जाएगा जब उसने सभी दस सैद्धन्तिक प्रश्न-पत्रों को उत्तीर्ण किया होगा। यदि किसी विद्यार्थी का शोध-प्रबन्ध अस्वीकृत कर दिया जाता है या वह तीसरे समस्तर में अपना शोध-प्रबन्ध पूरा नहीं कर पाता है तो उसे अधिक से अधिक दो वर्षों की अवधि शोध प्रबन्ध को ज़मा करवाने या उसे संशोधित रूप में प्रस्तुत करने के लिए मिल सकती है। इसी के साथ

यह भी प्रावधान किया जाता है कि स्थिति के अनुसार ऊर्जा शोध केन्द्र के निदेशक की संस्तुति पर इन दो वर्षों की अवधि कुलपति द्वारा दी जा सकती है।

7.4 शोध-प्रबन्ध की विषय वस्तु पर एक मौखिक परीक्षा होगी। यदि परीक्षक चाहें और इसे आवश्यक समझें तो विद्यार्थी की लिखित परीक्षा और प्रायोगिक परीक्षा भी कर सकते हैं।

8.1 किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए निम्नलिखित प्रकार से अंक प्राप्त करने होंगे :

(अ) प्रत्येक सैद्धान्तिक प्रश्न-पत्र में 40% अंक ।

(आ) प्रत्येक प्रश्न-पत्र के सत्रीय भाग में 50% अंक ।

8.2 यदि कोई विद्यार्थी विनिमय 8.1 के अनुसार किसी भी प्रश्न-पत्र/प्रश्न-पत्रों में उत्तीर्ण नहीं हो पाता है तो उसे बाद में होने वाली परीक्षा में उस प्रश्न-पत्र में फिर से परीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है, जिसके लिए उसे प्रत्येक समस्तर परीक्षा में निर्धारित प्रति प्रश्न-पत्र के हिसाब से परीक्षा शुल्क देना होगा, जिसका निर्धारण समय-समय पर सिंडीकेट अधिकतम रूप में करेगी। साथ ही अन्य समस्तरों की परीक्षा के शुल्क का निर्धारण भी समय-समय पर सिंडीकेट द्वारा किया जाएगा, जिसमें वह परीक्षा देगा, इस शर्त के साथ कि उत्तीर्ण होने पर उसे विशेष योग्यता वाली कोटि में नहीं रखा जाएगा।

9. उत्तीर्ण हुए आवेदकों को निम्नलिखित रूप में वर्गीकृत किया जाएगा :

(अ) वे विद्यार्थी जिन्होंने सभी सैद्धान्तिक प्रश्न-पत्रों के पूर्णांक में से 75% प्राप्तांक और सत्रीय सैद्धान्तिक प्रश्न-पत्रों के पूर्णांक में से कम से कम 50% प्राप्तांक प्राप्त किए हों और इसके साथ ही उसका शोध प्रबन्ध विशेष-योग्यता वाला समझा गया हो, इस शर्त के साथ कि उसने पहले ही प्रयास में परीक्षा के सभी प्रश्न-पत्र उत्तीर्ण कर लिए हों (अर्थात विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा पहली बार में दी हो) । : विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण

(आ) वे विद्यार्थी जिन्होंने सभी सैद्धान्तिक प्रश्न-पत्र और सत्रीय प्रश्न-पत्र उत्तीर्ण कर लिए हों लेकिन जो विशेष योग्यता वाली उत्तीर्णता की श्रेणी में रखे जाने योग्य न हों । : प्रथम श्रेणी

10. प्रत्येक समस्तर की परीक्षा की समाप्ति के बाद चार सप्ताहों के अन्दर या जितनी जल्दी हो सके, परीक्षा नियंत्रक परीक्षा परिणाम को घोषित और प्रकाशित करेगा। प्रत्येक उत्तीर्ण परीक्षार्थी को उस समस्तर को उत्तीर्ण किए जाने संबंधी प्रमाण-पत्र तथा विनियमों के अनुसार उपाधि प्रदान की जाएगी।

11. यदि किसी व्यक्ति ने सभी सैद्धान्ति प्रश्न पत्रों को उत्तीर्ण कर लिया हो और वह शोध प्रबंध को पूरा न कर पाया हो तो उसे ऊर्जा प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर उपाधि दी जाएगी ।

31. सीनेट/भारत सरकार के अनुमोदन/भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में औषधि निर्माण विज्ञान (फार्मेसी) में स्नातक परीक्षा से संबंधित (सन् 2003 के प्रवेश से प्रभावी) विनियम 3.1 :

3.1 पहले समस्तर के पाठ्य क्रम में प्रवेश के लिए एक प्रवेश परीक्षा देनी होगी। वही आवेदक इस परीक्षा को दे सकेगा जिसने 10+2 की परीक्षा भौतिक विज्ञान तथा रसायन विज्ञान अनिवार्य विषयों के रूप में पढ़कर तथा निम्नलिखित विषयों में से किसी और विषय को पढ़कर उत्तीर्ण की हो :

1. गणित
2. जैव प्रौद्योगिकी
3. कम्प्यूटर विज्ञान
4. जीव-विज्ञान

32. सीनेट/भारत सरकार के अनुमोदन/ भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में विनियम 2. (सन् 2003 से प्रभावी), जिसका संबंध स्थापत्य में स्नातक परीक्षा से है :

2. प्रथम समस्तर में प्रवेश परीक्षा देनी होगी। इस परीक्षा को वही आवेदक दे सकेगा, जिसने 10+2 कक्षा की परीक्षा भौतिक विज्ञान तथा गणित को अनिवार्य विषयों के रूप में तथा निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय को लेकर उत्तीर्ण की हो।

1. रसायन विज्ञान
2. अभियान्त्रिकी रेखांकन (ड्राइंग)
3. कम्प्यूटर विज्ञान
4. जीव विज्ञान

33. (i) वियणन प्रबन्धन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा; (ii) कार्मिक प्रबन्धन तथा श्रमिक कल्याण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा; (iii) अंतरराष्ट्रीय व्यापार में स्नातकोत्तर डिप्लोगा से संबंधित (2002-2003 के प्रवेश से प्रभावी) विनियम जिनकी प्रत्याशा विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों/भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किए जाने/भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित होने की है।

(i) विपणन प्रबंधन में स्नातकोतर डिप्लोमा ।

(ii) कार्मिक प्रबंधन तथा श्रमिक कल्याण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा ।

(iii) अंतरराष्ट्रीय व्यापार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा ।

1. सभी स्नातकोत्तर डिप्लोमा के अध्ययन की कालावधि एक वर्ष की होगी। परीक्षा दो समस्तरों में विभाजित होगी। सामान्य रूप से पहले समस्तर की परीक्षा दिसम्बर में और दूसरे समस्तर की परीक्षा अप्रैल/मई के महीने में या सिंडीकेट द्वारा तय की गई तिथियों पर होगी ।

2. सम्बद्ध विभाग का अध्यक्ष/ महाविद्यालय का प्राचार्य प्रत्येक समस्तर की परीक्षा आरंभ होने के कम से कम पांच सप्ताह पहले परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा में प्रवेश के फार्म और परीक्षा शुल्क के साथ ऐसे विद्यार्थियों की सूची भेजेगा जिन्होंने विनियमों के अधीन सभी शर्तों को पूरा कर लिया है और जो परीक्षा देने के लिए सर्वथा योग्य हैं।

3. पहले समस्तर में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यताएं निम्नलिखित होंगी-

(अ) (i) किसी भी विश्वविद्यालय की किसी भी संकाय की स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि, जिसे सिंडीकेट ने समकक्ष मान लिया हो तथा उसमें कुल प्राप्ताकों का प्रतिशत 45 हो :

शर्त यह है कि यदि किसी आवेदक ने विश्वविद्यालय की उपाधि किसी आधुनिक भारतीय भाषा (हिन्दी/ उर्दू/पंजाबी गुरुमुखी लिपि) तथा/या प्राचीन भाषा (संस्कृत/फारसी/ अरबी) या किसी अन्य विश्वविद्यालय की इसी प्रकार की कोई उपाधि जिसे सिंडीकेट ने मान्यता दे दी हो, 45% कुल प्राप्तांक के साथ उत्तीर्ण की हो तो उस भाषा के सभी प्रश्न पत्रों के सभी कुल अंकों के प्रतिशत की गणना की जाएगी और इसमें अतिरिक्त ऐच्छिक प्रश्न-पत्र तथा अंग्रेजी का प्रश्न-पत्र सम्मिलित नहीं रहेगा जो उसने मूल विषयों के साथ-साथ उत्तीर्ण किया है।

अथवा

(ii) (क) इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउट्स ऑफ इंडिया या इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकांउटेंट ऑफ वेल्स या (ख) इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एंव वकर्स अकांउटेन्टस ऑफ इंडिया या इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एण्ड मैनेजमेंट एकाउंटेंटस इनकापोरेटिड बाय रॉयल चार्टर, लंदन,

या (ग) इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की अंतिम परीक्षा में उत्तीर्णता।

अथवा

(iii) कम से कम 50% प्राप्तांकों के साथ ए. एम. आई. ई. परीक्षा में उत्तीर्णता।

4. प्रत्येक आवेदक की परीक्षा समय-समय पर पाठ्यक्रम में सम्मिलित किए गए विषयों में होगी।

प्रत्येक प्रश्नपत्र में आंतरिक मूल्यांकन के लिए 30% अंक निर्धारित रहेंगें। इसमें सेमिनार, परियोजना तथा मौखिक परीक्षा सम्मिलित नहीं होगी।

सेमिनार परियोजना तथा कार्यशाला का मूल्यांकन शत प्रतिशत होगा। मौखिक परीक्षा बाह्य परीक्षक और आंतरिक परीक्षक मिलकर लेंगे।

सम्बद्ध विभाग का अध्यक्ष/कॉलेज का प्राचार्य इन आवधिक परीक्षाओं, लिखित कार्यो, प्रकरण परिचर्या, सिंडीकेट सत्र, कार्यक्षेत्र भ्रमण आदि के अंको को परीक्षा आरंभ होने से कम से कम एक सप्ताह पहले परीक्षा नियंत्रक को भेज देगा।

5. पहले समस्तर की परीक्षा वही विद्यार्थी दे सकेगा ;

(i) जो पहले समस्तर की परीक्षा से ठीक पहले वाले समस्तर में विभाग/कॉलेज में नियमित विद्यार्थी रहा हो।

(ii) जिसने प्रत्येक प्रश्न पत्र में व्याख्यानों, परिसंवादों, प्रकरण परिचर्चाओं, सिंडीकेट सत्रों, कार्यक्षेत्र में भ्रमण, परियोजना कार्य इत्यादि में कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिती दर्ज की हो।

6. दूसरे समस्तर की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए किसी भी नियमित विद्यार्थी के लिए यह अनिवार्य होगा कि :-

(अ) वह दूसरे समस्तर की परीक्षा आरंभ होने से ठीक पहले वाले समस्तर में विभाग कॉलेज में नियमित विद्यार्थी रहा हो।

(आ) उसने प्रत्येक प्रश्न-पत्र में व्याख्यानों, परिसंवादों, प्रकरण परिचर्चाओं, सिंडीकेट सत्रों, कार्यक्षेत्र में भ्रमण, परियोजना कार्य इत्यादि में कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की हो।

(इ) वह प्रथम समस्तर की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुका हो या विनियम ..... के अधीन पुनः परीक्षा देने के योग्य घोषित किया गया हो।

7. प्रत्येक समस्तर में परीक्षा उत्तीर्ण करने के निर्धारित अंक निम्नलिखित रूप में होंगे :-

(i) विश्वविद्यालय की परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न पत्र में स्वतंत्र रूप से, तथा आंतरिक मूल्यांकन सहित संयुक्त रूप में भी 35% प्राप्तांक।

(ii) सेमिनार, परियोजना तथा मौखिक परीक्षा में 35% प्राप्तांक।

(iii) प्रत्येक समस्तर में कुल 45% प्राप्तांक ।

8. प्रत्येक समस्तर में विश्वविद्यालय की परीक्षा में कुल अंकों के एक प्रतिशत अंक कृपांक के रूप में दिए जाएंगें। कोई भी परीक्षार्थी अपने लाभ की दृष्टि से चाहे तो कुल अंकों में या किसी एक या एक से अधिक प्रश्न पत्रों में इन कृपांकों का लाभ उठा सकता है। ध्यान रहे कि ये कृपांक केवल परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए या उच्चतर श्रेणी प्राप्त करने के लिए ही प्रयुक्त हो सकते हैं, विशेष योग्यता के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए नहीं।

9. (अ) यदि कोई परीक्षार्थी पहले समस्तर में अनुतीर्ण रह जाता है और समस्तर में निर्धारित प्रश्न पत्रों में से 50% प्रश्न पत्रों में, स्वतंत्र रूप से तथा आंतरिक मूल्यांकन सहित संयुक्त रूप में कम से कम 35% अंक प्राप्त कर लेता है, तो उसे दूसरे समस्तर में पढ़ाई जारी रहने की अनुमति होगी, लेकिन उसे आगामी अप्रैल/मई की परीक्षा में ऐसे उन सभी प्रश्न-पत्रों में फिर से परीक्षा देनी होगी, जिनमें वह

दिसम्बर की परीक्षा में अनुतीर्ण रह गया था, साथ ही उसे दूसरे समस्तर की परीक्षा भी देनी होगी।

(आ) यदि कोई परीक्षार्थी दूसरे समस्तर की परीक्षा में अनुतीर्ण रह जाता है और वह स्वतंत्र रूप से तथा आंतरिक मूल्यांकन के साथ संयुक्त रूप में कम से कम 35% अंक उस समस्तर में निर्धारित प्रश्न-पत्रों में से 50% प्रतिशत प्रश्न पत्रों में प्राप्त कर लेता है, तो उसे समस्तर परीक्षाओं के साथ-साथ दो लगातार परीक्षाओं में उन प्रश्नों में फिर से परीक्षा देने की अनुमति होगी जिन्हें वह अप्रैल में हुई परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं कर पाया है।

व्याख्या : पांच प्रश्न-पत्रों का 50% दो प्रश्न पत्रों को माना जाएगा तथा सात प्रश्न पत्रों का 50% तीन प्रश्न-पत्रों को माना जाएगा। जाएगा जो इस विनियम के अनुसार है।

(इ) यदि कोई परीक्षार्थी दूसरे समस्तर के लिए ऊपर दिए गए अवसरों का उपयोग करने के बाद भी उत्तीर्ण नहीं हो पाता है तो उसे यह पढ़ाई छोड़नी होगी।

10. यदि किसी विद्यार्थी को ऐसे प्रश्न पत्र में पुनः परीक्षा देनी हो, जिसमें शतप्रतिशत आंतरिक मूल्यांकन का ही प्रबन्ध हो तो उसे फिर से कक्षा के व्याख्यानों में उपस्थिति रहे बिना उस प्रश्न-पत्र को उत्तीर्ण करने के लिए एक अवसर और दिया जाएगा। इसके लिए वर्क असाइनमेंट उसे सम्बद्ध विभाग का अध्यक्ष/कालेज का प्राचार्य देगा ।

11. यदि कोई परीक्षार्थी पहले और दूसरे समस्तर में अनुत्तीर्ण रहता है और वह 'पुनर्परीक्षा' के विनियमों की शर्तें पूरी नहीं करता है, तो उसे एक बार फिर आगामी नियमित परीक्षा देने की अनुमति, फिर से व्याख्यानों में उपस्थित हुए बिना, दी जा सकती है लेकिन उसे पूरी परीक्षा फिर से देनी होगी।

यदि कोई परीक्षार्थी दूसरे अवसर का उपयोग करने के बाद भी किसी समस्तर परीक्षा को उत्तीर्ण नहीं कर पाता है, तो उसे इस पाठ्यक्रम को छोड़ना पड़ेगा ।

12. किसी भी समस्तर की परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहने वाले परीक्षार्थी के आन्तरिक मूल्यांकन के अंक आगामी परीक्षा के साथ जोड़ दिए जाएंगे ।

13. उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को निम्नलिखित श्रेणियों में रखा जाएगा:

(i) सभी समस्तरों की परीक्षाओं के कुल अंकों में से 75 प्रतिशत अंक पाने वाले ।

.....प्रथम श्रेणी विशेष योग्यता के साथ

(ii) सभी समस्तरों की परीक्षाओं के कुल अंकों में से 60% या इससे अधिक तथा 75% से कम अंक पाने वाले ।

.....प्रथम श्रेणी

(iii) सभी समस्तरों की परीक्षाओं के कुल अंकों में से कम से कम 50% तथा 60% से कम अंक पाने वाले ।

.....द्वितीय श्रेणी

(iv) सभी समस्तरों की परीक्षाओं के कुल अंकों में से 50% से कम अंक पाने वाले ।

.....तृतीय श्रेणी

परीक्षा समाप्त होने के बाद, जितना शीघ्र हो सके, परीक्षा-नियंत्रक उत्तीर्ण हुए परीक्षार्थियों की सूची प्रकाशित करेगा ।

34. होम्योपैथिक ओषधियाँ तथा शल्यचिकित्सा (बी.एच.एम.एस.) में स्नातक उपाधि परीक्षा से सम्बन्धित, (सन् 2002-2003 के सत्र से प्रभावी) तथा सीनेट/भारत से अनुमोदित किए जाने तथा भरत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित कर दिए जाने की प्रत्याशा में, विनियम :

(अ) होम्योपैथिक ओषधियाँ तथा शल्यचिकित्सा (बी.एच.एम.एस.) की स्नातक उपाधि की शैक्षणिक अवधि साढ़े सात वर्ष की होगी, जिसमें एक वर्ष की अनिवार्य इनटर्नशिप सम्मिलित है।

(आ) इसके अन्तर्गत चार परीक्षाएँ होंगी अर्थात् पहली, दूसरी, तीसरी तथा चौथी। पहली परीक्षा 18 महीनों के बाद, दूसरी परीक्षा 30 महीनों की समाप्ति पर, तीसरी परीक्षा 42 महीनों की समाप्ति पर तथा चौथी परीक्षा 54 महीनों की समाप्ति पर होगी।

किसी भी विद्यार्थी के द्वारा अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण कर लिए जाने के उपरान्त अनिवार्य तौर पर एक इनटर्नशिप होगी, जिसका विवरण निम्नलिखित है:-

<u>अनिवार्य इनटर्नशिप</u>

1. इनटर्नशिप कॉलेज के साथ गठबन्धित अस्पताल में होगी तथा जिन मामलों में ऐसे अस्पताल में सभी विद्यार्थियों को समा पाना सम्भव न हो पाए, उस दशा में केन्द्र सरकार या राज्य सरकार या स्थानीय निकायों के द्वारा चलाए जाने वाले दवाखानों में यह इनटर्नशिप की जा सकती है।

2. एक निर्दिष्ट समय तक इनटर्नशिप के पूरा कर लिए जाने, तथा जहाँ यह इनटर्नशिप की गई है, उस संस्था के अध्यक्ष के द्वारा संस्तुति किए जाने पर, सम्बद्ध विश्वविद्यालय की राज्य परिषद, यथास्थिति रूप में, उत्तीर्ण विद्यार्थी को उपाधि प्रदान करेगी।

3. इस पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष मे वही विद्यार्थी प्रवेश पा सकता है, जसने प्रवेश के वर्ष में 31 दिसम्बर की तिथि तक 17 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के बाद, किसी मान्यता-प्राप्त परिषद्, निकाय, समिति की या पंजाब विश्वविद्यालय के द्वारा 10+2 परीक्षा के समकक्ष मान्य किसी अन्य परीक्षा को भौतिक बिज्ञान, रसायन विज्ञान तथा जीव विज्ञान के साथ उत्तीर्ण करने के बाद, प्रवेश-परीक्षा को भी उत्तीर्ण कर लिया हो।

4. इस पाठ्यक्रम में प्रवेश की पद्धति वही होगी, जिसे विश्वविद्यालय समय-समय पर तय करेगा।

5. पहले व्यावसायिक बी.एच.एम.एस. (1½ वर्ष के उपरान्त होने वाली) परीक्षा की पद्धति :-

(i) किसी भी गैर-स्नातक को बी.एच.एम.एस. को पहली परीक्षा तभी देनी की अनुमति मिलेगी, जब वह परीक्षा के लिए निर्धारित विषयों की कक्षाओं सैद्धान्तिक और प्रायोगिक दोनों में नियमित रूप से अध्ययन करने के लिए कम से कम 1½ वर्ष तक किसी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में उपस्थित रहा हो और उस संस्था का अध्यक्ष इस बात से संतुष्ट हो।

(ii) पहला व्यावसायिक कालखंड (प्रोफेशनल पीरियड) सामान्यत: एक सितम्बर से आगामी वर्ष के फरवरी महीने के अन्त तक चलेगा। इसकी परीक्षा सामान्यत: मार्च के अन्त तक समाप्त होगी। पहले व्यावसायिक कालखंड की पूरक परीक्षा, मुख्य परीक्षा के परिणाम की घोषणा के छ: सप्ताहों के भीतर ही आयोजित होगी। पहली प्रोफेशनल परीक्षा के उपरान्त किसी भी परीक्षार्थी को तीन और अवसर (नियमत: कुल चार अवसर) परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए दिए जाएंगे ।

(iii) तथापि, यदि कोई विद्यार्थी पहली प्रोफेशनल परीक्षा में, किसी एक विषय में, या एक से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण रहता है, तो भी उसे दूसरे प्रोफेशनल में पढ़ने की अनुमति दी जा सकती है।

(iv) यदि कोई परीक्षार्थी पहले प्रोफेशनल बी.एच.एम.एस. की परीक्षा को उत्तीर्ण नहीं कर पाता है, तो उसे आगामी उच्चतर कक्षा में पढ़ने की अनुमति मिल सकती है, लेकिन वह दूसरे प्रोफेशनल की परीक्षा तब तक नहीं दे सकेगा, जब तक कि वह पिछली कक्षा के सभी प्रश्नपत्रों (विषयों) में उत्तीर्ण नहीं हो जाता ।

(v) पहली प्रोफेशनल परीक्षा उन्हीं विषयों की होगी, जिसको पाठ्यक्रम में निर्धारित किया गया है। सभी परीक्षार्थियों के लिए इन सब विषयों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

(vi) होम्योपैथी के तथा सम्बद्ध ओषधीय विषयों में उत्तीर्णांक, प्रत्येक भाग में (लिखित, मौखिक तथा प्रायोगिक), 50% होंगे ।

(vii) किसी भी विषय में 75% या इससे अधिक अंक पाने वाले किसी भी परीक्षार्थी को प्रतिष्ठांक (आनर्स) दिए जाएंगे, यदि उनसे पहले ही प्रयास में परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो।

(viii) परीक्षा देने से पूर्व, सभी परीक्षार्थियों को कॉलेज के प्राचार्य से इस बात का प्रमाणपत्र लेना होगा कि उन्होंने पहले प्रोफेशनल की परीक्षा के लिए निर्धारित सभी सैद्धांतिक तथा प्रायोगिक पाठ्यक्रम का सभी विषयों में विधिवत् अध्ययन कर लिया है।

(ix) किसी एक या एक से अधिक विषयों में उत्तीर्ण न हो पाने वाला परीक्षार्थी पूरक परीक्षा दे सकता है।

पहले प्रोफेशनल की परीक्षा में सभी स्वीकार्य अवसरों, जिनका उल्लेख ऊपर हो चुका है, का प्रयोग कर लेने के बावजूद यदि कोई परीक्षार्थी उत्तीर्ण नहीं हो पाता है, तो उसे पढ़ाई आगे ज़ारी रखने की अनुमति नहीं होगी। फिर भी, यदि किसी परीक्षार्थी की निजी बीमारी/कोई गम्भीर दुर्घटना/या कोई अपरिहार्य स्थिति/ या दशा का मामला हो, तो कुलपति उन अवसरों के बदले में एक या एक से अधिक अवसर पहले प्रोफेशन कोर्स को उत्तीर्ण करने के लिए दे सकता है।

(x) दूसरी प्रोफेशनल बी.एच.एम.एस. परीक्षा 2½ वर्ष की समाप्ति पर होगी।

(xi) दूसरे प्रोफेशनल कोर्स का सत्र सामान्यत: अप्रैल के महीने से, पहले प्रोफेशनल की परीक्षा की समाप्ति के बाद, शुरू होगा, और इसकी परीक्षा अगले वर्ष, 2½ वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद, मार्च के महीने में होगी ।

(xii) दूसरे प्रोफेशनल कोर्स की परीक्षा, पहले प्रोफेशनल की परीक्षा के एक वर्ष के बाद, पाठ्यक्रम में निर्धारित सभी विषयों में होगी। परीक्षार्थी से इन सब विषयों में उत्तीर्ण होना अपेक्षित है।

(xiii) सामान्यत: दूसरे प्रोफेशनल की पूरक परीक्षा सितम्बर के महीने में होगी। जो विद्यार्थी पूरक परीक्षा में एक या एक से अधिक विषयों में उत्तीर्ण नहीं हो पाते हों, वे आगामी दूसरे प्रोफेशनल की परीक्षा देने के योग्य होंगे ।

(xiv) होम्योपैथी तथा सम्बद्ध आयुर्विज्ञान के सभी विषयों के प्रत्येक भाग (लिखित, मौखिक तथा प्रायोगिक) में उत्तीर्णांक 50% होंगे।

(xv) किसी भी विषय में 75% या इससे अधिक अंक पाने वाले किसी भी विद्यार्थी को उस विषय में {प्रतिष्ठापूर्ण उत्तीर्णता (आनर्स)} दी जाएगी, यदि उसने परीक्षा पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर ली हो।

चौथे प्रोफेशनल की परीक्षा (4½ वर्ष के उपरान्त होने वाली)

(i) किसी भी विद्यार्थी को बी.एच.एम.एस. की चौथी परीक्षा तब तक देने की अनुमति नहीं होगी, जब तक कि :

(अ) उसने बी.एच.एम.एस. की तीसरी परीक्षा कम से कम एक वर्ष पहले उत्तीर्ण न कर ली हो ।

(आ) वह बी.एच.एम.एस. के पाठ्यक्रम में निर्धारित सभी विषय नियमित विद्यार्थी के रूप में पढ़ न चुका हो। ये सभी विषय उसके लिए उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।

(ii) यदि कोई विद्यार्थी चौथी प्रोफेशनल परीक्षा में एक विषय या एक से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण रहता है, तो वह चौथे प्रोफेशनल की आगामी परीक्षा दे सकता है, जो सामान्यत: प्रत्येक छ: सप्ताहों के बाद या सुयोग्य अधिकारी के द्वारा समय-समय पर तय किए गए समय पर होगी ।

(iii) होम्योपैथी तथा सम्बद्ध आयुर्विज्ञान के विषयों के सभी भागों (लिखित, मौखिक तथा प्रायोगिक) में उत्तीर्णांक 50% होंगे।

(iv) किसी भी विषय में 75% या इससे अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थी को प्रतिष्ठापूर्ण उत्तीर्णता (ऑनर्स) दी जाएगी, यदि उसने पहले प्रयास ही में परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो।

6. <u>परीक्षा – परिणाम तथा पुनर्प्रवेश</u>

(i) प्रत्येक आवेदक को, परीक्षा के लिए घोषित तिथि से कम से कम 21 दिन पहले, परीक्षा-शुल्क के साथ निर्धारित फार्म पर, परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए सम्बद्ध अधिकारी को आवेदन देना होगा ।

(ii) परीक्षा की समाप्ति पर, यथाशीघ्र रूप में, परीक्षा-निकाय निम्नलिखित क्रम में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सूची प्रकाशित करेगा :

(अ) वरीयता क्रम में पहले दस परीक्षार्थियों के नाम तथा उनके अनुक्रमांक ।

(आ) अन्य परीक्षार्थियों के क्रमबद्ध रूप में अनुक्रमांक ।

(iii) प्रत्येक परीक्षार्थी को उत्तीर्ण हो जाने पर सम्बद्ध निकाय के द्वारा निर्धारित प्रारूप में एक प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

(iv) यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षा देता है और किसी एक विषय या एकाधिक विषयों में अनुत्तीर्ण रहता है, तो उसे अनुत्तीर्णता वाले विषय के परीक्षा-भाग में पूरक परीक्षा देने की अनुमति होगी। इसके लिए उसे निर्धारित फार्म पर, निर्धारित शुल्क के साथ, प्रथम परीक्षा के परिणाम के प्रकाशन के छः सप्ताह के बाद आवेदन देना होगा ।

(v) यदि किसी परीक्षार्थी को एक विषय या एकाधिक विषयों में, पूरक परीक्षा में, उत्तीर्णांक मिलते हैं, तो उसे सम्पूर्ण परीक्षा में उत्तीर्ण माना जाएगा।

(vi) यदि कोई परीक्षार्थी पूरक परीक्षा में किसी एक विषय या एकाधिक विषयों में अनुत्तीर्ण रहता है, तो वह (विनियम के अधीन वांछित प्रमाणपत्र के अतिरिक्त) इस आशय का प्रमाणपत्र, कि उसने अनुत्तीर्णता वाले विषय या विषयों में नियमित रूप से कक्षाओं में पढ़ाई की है और प्राचार्य इस बात से संतुष्ट है, प्रस्तुत करने के उपरान्त आगामी वार्षिक परीक्षा दे सकता है। शर्त यह है कि उसे प्रथम बार पाठ्यक्रम के आरम्भ होने की तिथि से सम्पूर्ण परीक्षा की तिथि से भीतर ही चार अवसरों (पूरक परीक्षा को सम्मिलित करते हुए) के प्रयोग में ही परीक्षा के सभी भागों को उत्तीर्ण करना होगा।

(vii) यदि कोई विद्यार्थी निर्धारित चार अवसरों में भी सभी विषयों को उत्तीर्ण नहीं कर पाता है, तो उसे फिर से सभी विषयों को, सभी भागों सहित कॉलेज एक वर्ष तक प्राचार्य के संतोष तक, पढ़ना होगा और सभी विषयों में परीक्षा देनी होगी।

यह भी प्रावधान किया जाता है कि यदि बी.एच.एम.एस. के चौथे प्रोफेशनल में निर्धारित अवसरों के अन्त तक किसी एक विषय को उत्तीर्ण नहीं कर पाता है, तो उसे आगामी परीक्षा में उस एक विषय को उत्तीर्ण करने की अनुमति

होगी और उसे इस विशेष अवसर से परीक्षा को पूरा करना होगा।

(viii) परीक्षा लेने वाला निकाय, अपवाद-स्वरूप परिस्थितियों में, सेंट्रल कौंसिल ऑफ़ होम्योपैथी को सूचित करते हुए, आंशिक रूप से या सम्पूर्णता में किसी परीक्षा को निरस्त कर सकता है और परीक्षा निरस्त होने के 30 दिनों के भीतर ही उन विषयों में दोबारा परीक्षा आयोजित करेगा ।

7. वे ही विद्यार्थी बी.एच.एम.एस. की पहली, दूसरी, तीसरी तथा चौथी परीक्षा दे सकते हैं, जिनके पास निम्नलिखत योग्यताएँ हों :

(अ) जो कॉलेज में निरन्तर और नियमित, बी.एच.एम.एस. के पहले प्रोफेशनल में 1½ वर्ष; दूसरे, तीसरे तथा चौथे प्रोफेशनल में एक-एक वर्ष, विद्यार्थी रहे हों ।

(आ) जिनका चरित्र अच्छा हो ।

(इ) जो निम्नलिखित में अलग-अलग रूप में कम से कम 75% उपस्थित रहे हों :

(i) दिए गए व्याख्यानों में

तथा

(ii) प्रदर्शनों (डिमांस्ट्रेशंस) तथा किए गए प्रयोगों में ।

यह भी प्रावधान किया जाता है कि कॉलेज का प्राचार्य प्रत्येक सैद्धांतिक तथा प्रायोगिक विषय में अलग-अलग रूप में कुल दिए गए व्याख्यानों की 5% तक उपस्थिति की कमी को माफ कर सकता है, जिसमें सभी प्रकार के क्रियाकलाप का समय अर्थात अवकाश, खेल-कूद, समारोह आदि सम्मिलित हैं।

35. एम.एस-सी. (शरीर विज्ञान) से संबन्धित सीनेट/भारत सरकार के अनुमोदन/भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में (सन् 2003-2004 से प्रभावी) विनियम :

मास्टर ऑफ साइंस (शरीर विज्ञान) से संबन्धित विनियम

1. एम.एस-सी. शरीर विज्ञान (फिज़ियोलोजी) के पाठ्क्रम की अवधि दो शैक्षणिक वर्षो की होगी।

2. परीक्षा की पद्धति अर्थात् वार्षिक पद्धति या समस्तर पद्धति नियमानुसार होगी।

3. एम.एस-सी. शरीर विज्ञान में वही व्यक्ति प्रवेश का पात्र होगा, जिसने पंजाब विश्वविद्यालय की या अन्य किसी विश्वविद्यालय की सिंडीकेट के द्वारा समकक्ष मान्यताप्राप्त निम्नलिखित परीक्षाओं में से किसी एक को उत्तीर्ण किया हो:

   1. बी. एस. सी. (शरीर रचना (एनॉटॉमी), शरीर विज्ञान तथा जैव-रसायनविज्ञान के साथ) ।
   2. बी. एस. सी. मानव जीव विज्ञान (ह्यूमन बॉयोलोजी/जीवन विज्ञान (लाइफ साइंस)) ।
   3. बी. एस-सी. (आनर्स स्कूल : शरीर विज्ञान/प्राणिविज्ञान (जूआलोजी)/जैव-रसायन विज्ञान/जैव-भौतिकी/जैव-प्रौद्योगिकी के साथ) ।
   4. बी. एस. सी. प्राणिविज्ञान, वनस्पतिविज्ञान, रसायन विज्ञान/जैव-रसायन विज्ञान ।

4. <u>परीक्षा के लिए पात्रता – अंक</u>

(i) कोई भी विद्यार्थी तभी उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा, यदि उसे अलग-अलग प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष के प्रत्येक सैद्धान्तिक और प्रायोगिक प्रश्न-पत्र में कम से कम 50% अंक प्राप्त किए हैं।

(ii) प्रत्येक सैद्धान्तिक और प्रायोगिक प्रश्न-पत्र (भाग-I तथा भाग-II) में आंतरिक मूल्यांकन में कुल निर्धारित अंकों के दस प्रतिशत अंक निर्धारित अंक हैं। सैद्धान्तिक प्रश्न-पत्र में आंतरिक मूल्यांकन के अंक, विभाग द्वारा समय-समय ली गई विभिन्न परीक्षाओं में समवेत रूप में निष्पादन क्षमता के आधार पर किए जाएंगे। प्रयोगों के लिए आंतरिक मूल्यांकन का आधार विभाग द्वारा समय-समय पर प्रायोगिक परीक्षाओं में निष्पादन क्षमता को माना जाएगा।

(iii) शोध-प्रबंध को 'संतोषजनक' या 'असंतोषजनक' के रूप में मूल्यांकित किया जाएगा तथा 'संतोषजनक' को ही उत्तीर्ण घोपित किया जाएगा।

(iv) यदि कोई विद्यार्थी पढाई पूरी करने के बाद परीक्षा (भाग -I या भाग II) में अनुतीर्ण रह जाता है या परीक्षा को वैध कारणों से नहीं दे पाता तो वह पूरक परीक्षा दे सकता है। उसे वर्ष की पढ़ाई के पूरे किए जाने पर आंतरिक मूल्यांकन के लिए दिए गए अंक पूरक परीक्षा में जोड़ दिए जाएंगे।

(v) यदि कोई विद्यार्थी तीन प्रयासों में भी उत्तीर्ण नहीं हो पाता हो उसे शरीर विज्ञान में एम.एस.सी की परीक्षा के लिए पढ़ाई जारी रखने की अनुमति नहीं होगी। ध्यान रहे, इसके लिए अधिकतम अवधि तीन वर्ष की होगी जो, इस पाठ्यक्रम में उसके प्रवेश लेने की तिथि से गिनी जाएगी। विद्यार्थी को भाग-। की परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता तभी मिलेगी जब उसने भाग-एक की परीक्षा उतीर्ण कर ली हो। यदि किसी विद्यार्थी का शोध प्रबन्ध संतोषजनक स्वीकृत हो गया हो लेकिन वह भाग -।। की परीक्षा मे अनुतीर्ण रह गया/ गई हो तो उसे दोबारा शोध-प्रबन्ध प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

5. शरीर विज्ञान में एम.एस.सी. भाग-। की परीक्षा के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी और इन्हें अपने कालेज के प्रधानाचार्य द्वारा सूचित करना होगा कि वह कक्षा में दिए गए सैद्धान्तिक व्याख्यानों और किए गए प्रयोगों में अलग-अलग रूप में कम से कम 75% उपस्थित रहा/रही है। (यह गणना परीक्षा आंरभ होने की तिथि से एक महीने पहले तक लागू होगी)।

भाग-।। की परीक्षा में वही विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेगा जो संस्था के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित निम्नलिखित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा।

(अ) शरीर विज्ञान में एम.ए.सी भाग-। परीक्षा उर्त्तीण करने का ।

(आ) उसकी उपस्थिति (i) पूरे पाठ्यक्रम में कथा में दिए गए प्रत्येक प्रश्न-पत्र में कुल व्याख्यानों में 75%

(यह गणना परीक्षा आरंभ होने की तिथि से एक महीना पहले तक की होगी। (ii) पाठ्यक्रम में निर्धारित प्रायोगिक कक्षाओं में 75% उपस्थिति ।

(इ) अपने निर्देशक के निर्देशानुसार उसने अपना शोध-प्रबंध प्रस्तुत कर दिया हो।

(ई) यदि कोई विद्यार्थी भाग-I की परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाता है तो उसे भाग II की पढ़ाई जारी रखने की अनुमति होगी, लेकिन उसे भाग II की पढ़ाई जारी रखने की अनुमति होगी, लेकिन उसे भाग II की परीक्षा देने की अनुमति तभी मिलेगी, जब वह भाग I की परीक्षा उत्तीर्ण कर लगा/लेगी।

6. प्रवेश के फार्म स्वीकार करने की, बिना विलम्ब-शुल्क और विलम्ब-शुल्क के साथ, सिंडीकेट के द्वारा तय की जाएगी तथा इसकी अधिसूचना परीक्षा-नियंत्रक ज़ारी करेगा।

7. <u>उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का श्रेणी-विभाजन</u>

परीक्षा-नियंत्रक परीक्षा समाप्त होने के बाद यथाशीघ्र उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के सूची प्रकाशित करेगा। भाग-I तथा भाग-II की परीक्षा देने वाले प्रत्येक परीक्षार्थी को एक विस्तृत अंक-पत्र दिया जाएगा।

8. सभी उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को निम्नलिखित श्रेणियों में रखा जाएगा, जो भाग-I तथा भाग-II की परीक्षाओं में संयुक्त रूप से उनके प्राप्तांकों पर आधारित होंगी।

(i) पहले ही प्रयास में परीक्षा को प्रथम श्रेणी प्रतिष्ठा के साथ उत्तीर्ण कर लेने वाले तथा 75% या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले ।	:	प्रथम श्रेणी प्रतिष्ठा के साथ

(ii) कुल अंकों में से 60% या इससे अधिक तथा 75% से कम अंक प्राप्त करने वाले । : प्रथम श्रेणी

(iii) कुल अंकों में से 50% या इससे अधिक तथा 60% से कम अंक प्राप्त करने वाले । : द्वितीय श्रेणी

36. नारी-विषयक अध्ययन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (द्वि-समस्तर पाठ्यक्रम) तथा नारी-विषयक/लिंग-परक अध्ययन में एम0 फिल0 की परीक्षा, सन् 2002 से सम्बन्धित, विश्वविद्यालय के विभिन्न निकायों/ भारत सरकार के अनुमोदन तथा भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की प्रत्याशा में विनियम :

(i) नारी-विषयक अध्ययन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (द्वि-समस्तर पाठ्यक्रम);

(ii) नारी-विषयक अध्ययन में एम0 फिल

तथा

(iii) नारी-विषयक अध्ययन में पी-एच0डी0 ।

<u>नारी -विषयक अध्ययन में स्नातकोत्तर डिप्लोगा</u>

1. नारी-विषयक अध्ययन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के पाठ्यक्रम की अवधि दो समस्तरों में विभाजित एक वर्ष की होगी।

2. पहले और दूसरे समस्तर में वे अनिवार्य/ऐच्छिक प्रश्नपत्र होंगे, जिनका प्रावधान नियमों/पाठ्यक्रम में होगा।

3. इस पाठ्यक्रम में वही विद्यार्थी प्रवेश ले सकेगा, जिसने इस विश्वविद्यालय की निम्नलिखित परीक्षाओं में से किसी एक परीक्षा को, या पंजाब विश्वविद्यालय के द्वारा निम्नलिखित परीक्षाओं के समकक्ष मानी गई अन्य किसी विश्वविद्यालय की किसी परीक्षा को उत्तीर्ण कर लिया हो ।

(i) किसी भी संकाय की स्नातक उपाधि, कुल 50% प्राप्तांकों के साथ ।

(ii) बी. ए. (उत्तीर्ण), नारी विषयक / लिंग-विषयक अध्ययन या लोक प्रशासन, राजनीति विज्ञान या इतिहास या अर्थशास्त्र या समाजशास्त्र या मानोविज्ञान या गांधी साहित्य या भूगोल या मनोविज्ञान के साथ, कम से कम 45% प्राप्तांक सहित ।

4. नारी विषयक अध्ययन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की सामान्यत: पहले समस्तर की परीक्षा दिसम्बर के महीने में तथा दूसरे समस्तर की परीक्षा अप्रैल/मई के महीने में या विश्वविद्यालय के द्वारा तय की गई तिथियों पर होगी।

5. परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए प्रत्येक प्रश्नपत्र जिसमें परियोजना कार्य, क्षेत्र-भ्रमण, सेमिनार, कार्यशाला आदि सम्मिलित हैं, में न्यूनतम 40% अंक अपेक्षित हैं।

6. पहले समस्तर की परीक्षा वही परीक्षार्थी दे सकेगा।

(i) जो पहले समस्तर की परीक्षा से ठीक पूर्व के समस्तर में

विभाग का नियमित विद्यार्थी रहा हो ।

(ii) जो प्रत्येक प्रश्नपत्र में कुल व्याख्यानों परिसंवादों, क्षेत्र-भ्रमणों, कार्यशालाओं आदि में 60% से कम उपस्थित न रहा हो ।

7. दूसरे समस्तर की परीक्षा वही विद्यार्थी दे सकेगा:

(i) जो दूसरे समस्तर की परीक्षा से ठीक पहले वाले समस्तर में विभाग का नियमित विद्यार्थी रहा हो।

(ii) जो प्रत्येक प्रश्नपत्र के कुल व्याख्यानों, परिसंवादों, क्षेत्र-भ्रमणों, कार्यशालाओं आदि में 60% से कम उपस्थित न रहा हो।

(iii) जिसने पहले समस्तर की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो या जो विनियम सं. _____ की शर्तों को पूरा करता हो।

8. यदि कोई परीक्षार्थी पहले समस्तर में उत्तीर्ण न हो सका हो, और उसने समस्तर में निर्धारित प्रश्नपत्रों में कम से कम 35% अंक प्राप्त किए हों, तो उसे दूसरे समस्तर में पढ़ाई ज़ारी रखने की अनुमति होगी, किन्तु उसे उन सभी प्रश्न पत्रों की आगामी अप्रैल/मई के महीने मे फिर से परीक्षा देनी होगी, जिनमें वह दिसम्बर में हुई परीक्षा में अनुत्तीर्ण रह गया/गई हो, साथ ही उसे दूसरे समस्तर की परीक्षा भी देनी होगी। यदि वह दूसरी बार भी अनुत्तीर्ण रह जाता/जाती है, तो उसका दूसरे समस्तर का परीक्षा-परिणाम निरस्त कर दिया जाएगा और उसे इस पाठ्यक्रम की पढ़ाई छोड़नी होगी।

यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरे समस्तर में निर्धारित प्रश्नपत्रों में कम से कम 35% अंक प्राप्त किए हों, लेकिन वह अनुत्तीर्ण रह गया/गई हो, तो उसे व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्णता वाले प्रश्नपत्रों की फिर से परीक्षा देने की, बिना पुनः प्रवेश लिए, पाठ्यक्रम समाप्ति के एक वर्ष के भीतर ही, अनुमति होगी।

9. उत्तीर्ण हुए परीक्षार्थियों को निम्नलिखित तीन श्रेणियों में रखा जाएगा।

(i) 60% या इससे अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को प्रथम श्रेणी मिलेगी।

(ii) 50% या इससे अधिक, किन्तु 60% से कम अंक पाने वाले विद्यार्थियों को द्वितीय श्रेणी मिलेगी।

(iii) 50% से कम अंक पाने वाले विद्यार्थियों को तृतीय श्रेणी मिलेगी।

10. किसी परीक्षार्थी को पुनः परीक्षा की देयता वाले प्रश्नपत्रों की पुनः परीक्षा के प्रश्न पत्रों के कुल अंकों के 1% कृपांक उस स्थिति में दिए जा सकते हैं, यदि इन कृपांकों से वह उन प्रश्नपत्रों में उत्तीर्ण हो जाता/जाती है। पहले और दूसरे समस्तर की परीक्षाओं के कुल अंकों के 1% कृपांक पहले और दूसरे समस्तर दोनों के प्राप्तांकों में उच्चतर श्रेणी के हेतु, जोड़े जा सकते हैं। यदि उसे उत्तीर्ण होने के लिए कृपांक नहीं दिए गए हों, चाहे वह पहले समस्तर की परीक्षा हो या दूसरे समस्तर की परीक्षा हो।

11. यदि कोई परीक्षार्थी अपनी श्रेणी को उच्चतर बनाने के लिए फिर से परीक्षा देता है, तो उसे निम्नलिखित रूप में कुल अंकों के 1% कृपांक मिलेंगे: -

(i) यदि कोई परीक्षार्थी किसी एक समस्तर की ही फिर से परीक्षा देता/देती है, उसे पुनः परीक्षा दिए जाने वाले प्रश्नपत्र के कुल अंकों के 1% कृपांक दिए जाएंगे।

(ii) यदि कोई परीक्षार्थी दोनों समस्तरों की परीक्षा फिर से देता है, तो उसे दोनों समस्तरों के अंकों के कुल योग के 1% कृपांक दिए जाएंगे।

शर्त यह है कि किसी भी परीक्षार्थी को उतने अंकों से अधिक कृपांक नहीं दिए जाएंगे, जितने न्यूनतक अंकों की उच्चतर श्रेणी पाने के लिए उसे आवश्यकता है। परीक्षा के समाप्त होने के बाद यथाशीघ्र परीक्षा-नियंत्रक उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की सूची प्रकाशित करेगा।

नारी – विषयक अध्ययन में एम0 फिल0 से सम्बन्धी विनियम

1. एम0 फिल0 पाठ्यक्रम की अवधि अठ्ठारह महीनों की होगी, जो तीन समस्तरों में विभाजित रहेगी।

2. पहले दो समस्तरों की शर्तें वे ही होंगी, जो स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम की हैं।

3. तीसरे समस्तर में किसी भी विद्यार्थी को एक शोध प्रबंध लिखना और प्रस्तुत करना होगा, जिसके लिए 200 अंक निर्धारित रहेंगे और इसे पाठ्यक्रम की समाप्ति के बाद छः महीनों के अन्दर ही प्रस्तुत करना होगा।

4. इसमें वही व्यक्ति प्रवेश के लिए आवेदन दे सकेगा, जिसने इस विश्वविद्यालय की किसी भी संकाय की स्नातकोत्तर उपाधि, या किसी अन्य विश्वविद्यालय की, इस विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि के समकक्ष घोषित की गई कोई उपाधि, प्राप्त की हो।

5. जिन विद्यार्थियों ने नारी-विषयक अध्ययन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर लिया हो, वे चाहें तो नारी-विषयक अध्ययन में एम0 फिल0 की पढ़ाई कर सकते हैं, बशर्ते उन्होंनें किसी भी संकाय, इसी विश्वविद्यालय ने अपनी स्नातकोत्तर उपाधि के समकक्ष मान लिया हो, में कम से कम 50% अंक प्राप्त किए हों।

पी–एच0 डी0 कार्यक्रम

पी–एच0 डी0 के कार्यक्रम में किसी भी संकाय की स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने वाले किसी भी व्यक्ति को प्रवेश दिया जा सकता है। अन्य शर्तें विश्वविद्यालय के नियमों तथा विनियमों के अनुसार होंगी।

आर. एल. धवन
डिप्टी रजिस्ट्रार (जनरल)

21.04.2006 के दिन (शुक्रवार) मेरी उपस्थिति में पंजाब विश्वविद्यालय की सामान्य मोहर लगाई गई।

एस0 एस0 बारी
कुलसचिव

वार्षिक लेखा

जामिया मिल्लिया इस्लामिया

नई दिल्ली-110025

आय और व्यय की आरेखीय प्रस्तुति

2004 - 2005

(राशि लाखों में)

आय



व्यय



जामिया मिल्लिया इस्लामिया

तुलन-पत्र

जा मि इ एम.सी.आर.सी. 31.03.2004	जा मि इ प्रमुख 31.03.2004	देयताएं	जा मि.इ एम सी आर सी 31.03.2005	जा मि इ प्रमुख 31.03.2005
		पूंजीगत निधि		
264,540,184	924,391,643	संलग्नक 'ख' के अनुसार	305,306,364	1,101,525,189
		निधियां संलग्नक 'ख'		
--	48,672,480	क. प्रयोजन-विशिष्ट खाता	--	49,108,422
--	288,196,890	ख. भविष्य निधि खाता	--	319,242,865
14,573,127	73,501,514	ग. जमा खाता	7,733,417	73,318,170
		प्रतिभूतियां एवं जमा		
1,131,299	17,146,796	क. प्रतिभूति-संलग्नक 'ख'	2,860,477	26,215,457
--	83,599,599	ख. जमा संलग्नक 'ख'	--	118,087,593
		अव्यतित शेष- संलग्नक 'ग'		
963,857	--	क. राजस्व खाता वि वि अ आ	547,792	--
102,452,040	31,674,880	ख. योजना एवं विकास खाता वि वि अ आ	72,262,287	--
--	97,526,920	ग. प्रयोजन विशिष्ट खाता	--	119,844,937
--	62,297,000	**2005-06 के लिए वि वि अ आ से अग्रिम अनुदान संलग्नक 'ख'**	--	--
--	28,119,084	**भविष्य निधि ब्याज खाता** संलग्नक 'ख' के अनुसार	--	21,367,341
		छात्रावासों का बेशी		
--	1,612,615	संलग्नक 'ख' के अनुसार	--	1,620,463
		रसोईघरों का बेशी		
--	1,170,004	संलग्नक 'ख' के अनुसार	--	792,291
		प्रेषण एवं अग्रिम		
149,483	1,631,353	संलग्नक 'ख' के अनुसार (परियोजनाओं सहित)	304,833	85,395,564
383,309,990	**1,659,540,778**		**389,015,170**	**1,916,518,292**

ह.
(आयतुल्लाह)
लेखाकार

ह.
(ज़फरउल्लाह खां)
लेखा अधिकारी

नई दिल्ली - 110 025

31-03-2005 को स्थायी

जा मि इ एम.सी.आर.सी. 31.03.2004	जा मि इ प्रमुख 31.03.2004	परिसम्पत्तियां	जा मि इ एम सी आर सी 31.03.2005	जा मि इ प्रमुख 31.03.2005
		स्थायी परिसम्पत्तियां		
264,540,184	924,391,643	संलग्नक 'क' के अनुसार	305,306,364	1,101,525,189
		निवेश-संलग्नक 'ग'		--
41,525,040	30,893,000	क. योजना एवं विकास खाता	69,386,420	
--	40,938,596	ख. प्रयोजन विशिष्ट खाता	--	116,876,596
--	315,300,000	ग. भविष्य निधि खाता	--	339,800,000
13,196,662	24,206,050	घ. जमा खाता	1,032,930	75,681,050
--	2,600,000	ड.. छात्रावास एवं रसोई खाता	--	2,100,000
		मक्तबा जामिआ लि. में अंश (लागत पर)		
--	92,070	पिछले तुलन-पत्र के अनुसार	--	92,070
		प्रतिभूति एवं जमा		
--	27,744	संलग्नक 'ग' के अनुसार	--	27,744
		वसूली योग्य शेष – संलग्नक 'ग'		
--	53885,935	क. राजस्व खाता वि वि अ आ	--	82,346459
--	--	ख. योजना खाता	658,898	339,302
--	26,547,223	ग. प्रयोजन विशिष्ट खाता	--	10,630,085
		प्रेषण एवं अग्रिम		
10,657,081	64,568,571	संलग्नक 'ग' के अनुसार (प्रयोजनाओं सहित)	1,559,058	143,792,526
		नकद एवं बैंक शेष संलग्नक 'ग' के अनुसार		
906,315	74,671,524	क. राजस्व खाता	460,432	1,641,752
50,353,827	1,182,395	ख. योजना एवं विकास खाता	2,695,413	2,613,720
--	44,527,046	ग. प्रयोजन विशिष्ठ खाता	--	5,176,333
--	1,015,974	घ. भविष्य निधि खाता	-	810,206
2,630,881	54,084,803	ड. जमा खाता	7,915,655	32,219,544
--	608,204	च. छात्रावास व रसोई खाता	--	845,716
383,809,990	**1,659,540,778**		**389,015,170**	**1,916,518,292**

ह.
(एन.यू.सिद्दीकी)
वित्त अधिकारी

ह.
(प्रो. ज़ेड.एच. खान)
कार्यकारी कुलसचिव

संलग्नक 'क'

तुलन-पत्र

31-03-2005 को स्थाय

विवरण	01.04.2004 को शेष		वर्ष के दौरान बट्टे खाते डाली गई परिसम्पत्तियाँ	
	जा.मि.इ. एम.सी. आर. सी.	जा.मि.इ. विशेष	जा.मि.इ. एम. सी.आर.सी.	जा.मि.इ.विशेष
1	2		3	
भूमि	--	14,787,531	--	55,500
भवन	6,041,398	483,689,554	--	--
फर्नीचर और उपस्कर	14,787,331	124,500,003	--	--
प्रयोशाला एवं कर्मशाला	234,839,469	138,598,696	--	--
कम्प्यूटर्स	--	72,695,921	--	--
पुस्तकें	1,727,620	73,626,681	--	197,662
शिविर उपकरण	--	13,310	--	--
गाउन्स	--	2,998	--	--
विद्युत फिटिंग	2,802,965	10,405,060	--	--
मुद्रणालय	--	127,464	--	--
फिल्में व वीडियो फिल्में	2,827,297	749	--	--
नलकूप	--	885,573	--	--
कार एवं लारी	1,514,104	4,994,646	--	--
हथियार एवं बारूद	--	63,457	--	--
योग:	**264,540,184**	**924,391,643**	--	**253,162**

ह.

(आयतुल्लाह)

लेखाकार

ह.

(जफरउल्लाह खां)

लेखा अधिकारी

सम्बधित संलग्नक
परिसम्पत्तियों का ब्यौरा

वर्ष के दौरान वृद्धि		31.03.2005 को शेष	
जा.मि.इ.एम.सी. आर.सी.	जा.मि.इ. विशेष	जा.मि.इ.एम.सी. आर.सी.	जा.मि.इ.विशेष
4		5(2-3+4)	
--	--	--	14,732,031
--	115,649,925	6,041,398	599,339,479
39,967,049	37,801511	54,754,380	162,301,514
202,196	592,915	235,041,665	139,191,611
--	10,963,444	--	83,659,365
437,338	12,364,063	2,164,958	85,793,082
--	--	--	13,310
--	14,850	--	17,848
--	--	2,802,965	10,405,060
--	--	--	127,464
159,597	--	2,986,894	749
--	--	--	885,573
--	--	1,514,104	4,994,646
--	--	--	63,457
40,766,180	**177,386,708**	**305,306,364**	**1,101,525,189**

ह.
(एन.यू.सिद्दीकी)
वित्त अधिकारी

ह.
(प्रो. ज़ेड.एच. खान)
कार्यकारी कुलसचिव

सलग्नक 'ख'

तुलन-पत्र

विवरण	जा.मि.इ.एम.सी.आर.सी.	जा.मि.इ.विशेष
1. अनुदान का पूंजीकृत मूल्य		
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार	264,540,184	924,391,643
घटाएं: बट्टे खाते डाली गई परिसम्पत्तियों का मूल्य	--	253,162
	264,540,184	**924,138,481**
वर्ष के दौरान वृद्धि	40,766,180	177,386,708
	305,306,364	**1,101,525,189**
2. निधियाँ		
क. प्रयोजन विशिष्ट खाता	--	33,110,438
i. गृह निर्माण आग्रिम हेतु आवर्तक निधि	--	2,652,156
ii. वाहन एवं पंखा अग्रिम हेतु आवर्तक निधि	--	500,000
iii. डा.जाकिर हुसैन धर्मादा निधि	--	12,845,828
	--	**49,108,422**
ख. भविष्य निधि खाता		
i.) सामान्य भविष्य निधि अंशदान	--	283,103,625
ii.) सी.पी.एफ अंशदान	--	23,002,700
iii.) सी.पी.एफ. योगदान	--	13,136,540
	--	**319,242,865**
ग. जमा खाता	**7,733,417**	**73,318,170**

सम्बंधित संलग्नक

विवरण		जा.मि.इ.एम.सी.आर.सी.	जा.मि.इ.विशेष
3. प्रतिभूतियाँ एवं जमा (देयताएं)			
क. प्रतिभूतियाँ			
i.)	राजस्व खाता	--	8,122.221
ii.)	योजना एवं विकास खाता	1,358,735	4,288,996
iii.)	प्रयोजन-विशिष्ट खाता	--	2,710,538
iv.)	जमा खाता	1,501,742	11,093,702
		2,860,477	**26,215,457**
ख. जमा			
	जमा खाता	--	118,087,593
4. ब्याज खाता (भ.नि.)		--	21,367,341
5. छात्रावासों का बेसी			
	पिछले तुलन-पत्र के अनुसार	--	1,612,615
	जोड़ें : वर्षकालीन वृद्धि	--	7,848
		--	**1,620,463**
6. रसोई घरों का बेसी			
	पिछले तुलन-पत्र के अनुसार	--	1,170,004
	घटाएं : वर्षकालीन घाटा	--	377,713
		--	**792,291**

संलग्नक 'ख' जारी

तुलन-पत्र

विवरण	जा.मि.इ.एम.सी.आर.सी	जा.मि.इ. विशेष
7. प्रेषण एवं अग्रिम (देयताएं)		
क. राजस्व खाता	-	76,163,977
ख. योजना एवं विकास खाता	--	730
ग. प्रयोजन विशिष्ट खाता	--	2,178,220
घ. जमा खाता	304,833	3,269,218
ड. छात्रावास एवं रसोई खाता	--	783,419
	304,833	85,395,564

8. 2005-2006 के लिए वि. वि. अ.आ. से अग्रिम अनुदान

ह.
(आयतुल्लाह)
लेखाकार

ह.
(जफरउल्लाह खां)
लेखा अधिकारी

ह.
(एन.यू.सिद्दीकी)
वित्त अधिकारी

ह.
(प्रो. ज़ेड.एच. खान)
कार्यकारी कुलसचिव

सम्बंधित संलग्नक

संलग्नक 'ग'

विवरण	जा.मि.इ.एम.सी.आरसी.	जा.मि.इ. प्रमुख
1. निवेश		
क. योजना एवं विकास खाता	69,386,420	--
ख. प्रयोजन विशिष्ट खाता		
i) डा.जाकिर हुसैन धर्मादा निधि निवेश	--	500,000
ii) दलित अध्ययन पीठ धर्मादा निधि निवेश	--	12,438,596
iii) अल्पकालीन जमा	--	103,938,000
	--	116,876,596
ग. भविष्य निधि खाता	--	339,800,000
ड. जमा खाता	1,032,930	75,681,050
च. छात्रावास एवं जमा खाता	--	2,100,000
2. प्रतिभूतियां एवं जमा (परिसम्पत्तियां)		
राजस्व खाता		27,744
3. प्रेषण एवं अग्रिम (परिसम्पत्तियां)		
क. राजस्व खाता	87,360	3,270,243
ख. योजना एवं विकास खाता	880,291	1,336,704
ग. प्रयोजन विशिष्ट खाता	--	41,159,103
घ. जमा खाता	591,407	97,776,019
ड. छात्रावास एवं रसोई खाता	--	250,457
	1,559,058	**143,792,526**

संलग्नक 'ग' जारी

तुलन-पत्र

4. 31.03.2005 को अव्ययित / वसूली योग्य शेष

विवरण	01.04.2004 को शेष	
	वसूली योग्य	अव्ययित
ध्व. वि. अ. आः अनुरक्षण अनुदान		
ज.मि.इ. प्रमुख	53,885,935	--
ज.मि.इ. एम.सी.आर. सी.	--	963,857
ध्व.वि.अ.आ.: योजना एवं विकास अनुदान		
ज.मि.इ. प्रमुख	--	31,674,880
ज.मि.इ. एम.सी.आर.सी.	--	102,452,040

टिप्पणी : प्रयोजन **विशिष्ट अनुदान** (जा.मि.इ. प्रमुख) सीधे तुलन-पत्र में लिया गया ।

वसूली योग्य	Rs. 10,630,085
अव्ययित	Rs. 119,844,937

सम्बंधित संलग्नक

वर्ष 2004-2005 के दौरान आय पर व्यय का आधिक्य	वर्ष 2004-2005 के दौरान व्यय पर आय का आधिक्य	31-03-2005 को तुलन पत्र में ले जाया गया शेष	
		वसूली योग्य	अव्ययित
28,460,524	--	82,346,459	--
416,065	--	--	547,792
32,014,182	--	339,302	--
